डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा
वर्ष-11 अंक-40 | प्रयागराज, रविवार 02 अक्टूबर 2022 से शनिवार 08 अक्टूबर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये
सिनेमाः बापू के उनके चिंतन में विद्यमान हैं विश्व की समस्याओं का समाधान )

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर, सूरत और नवी मुंबई को मिला भारत के शीर्ष 3 सबसे स्वच्छ शहरों का पुरस्कार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** इंदौर को लगातार छठी बार देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की सूची में भी इसने पहला स्थान बनाए रखा। गुजरात का सूरत दूसरे स्थान पर हैट्रिक बनाने में कामयाब रहा। नवी मुंबई एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। उत्तरी राज्यों के शहरों का प्रदर्शन संतोषजक नहीं रहा। देश की राजधानी का एनडीएमसी क्षेत्र पिछले वर्ष के पांचवें स्थान से खिसककर नौवें स्थान पर



पहुंच गया है। नोएडा 11वें पायदान पर चला गया है, जो पिछले वर्ष नौवें स्थान पर था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों की सूची शनिवार को जारी की गई, जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश को पहला, गुजरात को दूसरा और महाराष्ट्र को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। गंगा किनारे बसे एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में हरिद्वार को पहला, वाराणसी को दूसरा और ऋषिकेश को तीसरा स्थान मिला। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत आयोजित प्रतिस्पर्धा से शहरी क्षेत्रों में सफाई का स्तर बढ़ा है। इस बार सर्वेक्षण में दो वर्गों-एक लाख से कम और एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को शामिल किया गया। कुल 4,354 शहरी निकायों और 62 कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ गंगा नदी के किनारे बसे 91 शहरों को इसमें शामिल किया गया।इस बार कुल 90,441 वार्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण किया गया। एक लाख से कम आबादी वाले शीर्ष पांच स्वच्छ शहरों में चार अकेले महाराष्ट्र के हैं। पंचगनी को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में भी बंगाल के 126 शहरी निकायों ने हिस्सा नहीं लिया।

## पीएम मोदी ने लॉन्च की 5जी सर्विसए 8 शहरों में आज से होगी शुरूय 4जी से 10 गुना ज्यादा होगी स्पीड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 5जी सर्विस लॉन्च कर दी है। देश में 5जी सेवा शुरू होने के बाद संचार क्रांति के एक नए युग




की शुरुआत हो गई है। दिल्लीए मुंबई और अहमदाबाद समेत देश के 13 शहरों में आज से 5जी सर्विस की सेवा उपलब्ध हो गई है। इससे सीम लेस कवरेज उसमे बवअमतंहमद्धए हाई डाटा रेटए लो लेटेंसी और अत्यधिक विश्वसनीय संचार प्रणाली की सुविधा मिलेगी प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 5जी सर्विस की लॉन्चिंग कर दी है। इस दौरान पीएम मोदी के साथ दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णवए रिलायंस कंपनी के मुकेश अंबानी और भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मौजूद रहे 5जी लॉन्चिंग कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों से भारत में डेटा की कीमत बहुत कम बनी हुई है। ये बात अलग है कि हमने इसका हल्ला नहीं मचायाए बड़े.बड़े विज्ञापन नहीं दिए। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हमने फोकस किया कि कैसे देश के लोगों की सहूलियत बढ़े बढ़े 5जी सर्विस लॉन्चिंग कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने चार पिलर्स पर चार दिशाओं में एक साथ फोकस किया है। पहला है श्डिवाइस की कीमत दूसरा है जिटल कनेक्टिविटीश्ए तीसरा है श्डेटा की कीमतश्ए चौथा और सबसे जरूरी श्डिजिटल फर्सटश् की की सोच है।

## केंद्र सरकार ने नागालैंड और अरुणाचल में ए एफ एस पी ए को 6 महीनों के लिए बढ़ाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि अफस्पा को नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों और दोनों राज्यों के पांच अन्य जिलों के कुछ हिस्सों में 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। सशस्त्र बल अधिनियम, 1958 सुरक्षा बलों को बिना किसी पूर्व वारंट के अभियान चलाने और किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, अफस्पा को 1 अक्टूबर से 9 जिलों - दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक, पेरेन और जुन्हेबोटो और चार में 16 पुलिस स्टेशनों में छह महीने के लिए बढ़ाया जाएगा। नागालैंड के अन्य जिले - कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग और वोखा में भी बढ़ा दिया गया है केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश (एपी) में तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले और एपी के नामसाई जिले में नामसाई और महादेवपुर पीएस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 को आज से 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है क्योंकि उन्हें अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है केंद्र ने सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम, 1958 को नौ जिलों में और नागालैंड के चार जिलों के 16 पुलिस स्टेशनों को 'अशांत क्षेत्र' के रूप में आज से छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया है। नागालैंड में जहां कुल 16 जिले हैं, वहीं अरुणाचल प्रदेश में 26 जिले हैं। 2015 में त्रिपुरा में, 2018 में मेघालय में और 1980 के दशक में मिजोरम में को पूरी तरह से वापस ले लिया गया था। मणिपुर और असम में भी अशांत क्षेत्र को आंशिक रूप से वापस ले लिया गया था।



## स्वछता माह की सुरुवात करते हुए यूनाइटेड कॉलेज सभागार मे मौजूद अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री ने स्वछता पे जोर दिया एवं सफाई रखने का अनुरोध किया
















(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज (नैनी)।** आज स्वछता माह की सुरुवात करते हुए यूनाइटेड कॉलेज सभागार मे मौजूद अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री ने स्वछता पे जोर दिया एवं सभी से सफाई रखने का अनुरोध किया कार्यक्रम् मे मार्ग रूप से महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी सांसद रिता जोशी केशरी देवी पटेल जिलाधिकारी ,उपजिलाधिकारी ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जमुनापार पुलिस अधीक्षक शुऑटस् विशिवविद्यालय् एवं अन्य विद्यालयों के राष्ट्रीय सेवयोंजन के स्वयं सेवक् मौजूद रहे यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, नैनी के यूनाइटेड ऑडिटोरियम से राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान 2.0 का आगाज करने के पश्चात माननीय केन्द्रीय मंत्री ने भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 'स्टार्टअप इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) में स्थापित यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब का भी अवलोकन किया। इसके लिए उन्होंने यूनाइटेड के मैनेजमेंट की सराहाना की और स्टार्टअप को भविष्य की जरुरत बताया। इस दौरान यूनाइटेड ग्रुप के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, यूआईटी के प्रिंसिपल प्रो संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे



## पी एफ आई के खिलाफ देशभर में दर्ज हैं 1,300 केस

### केंद्र ने एक दिन में नहीं किया फैसला, वर्षो से चल रही थी जांच

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) को राष्ट्रविरोधी और असामाजिक गतिविधियों के आरोप में केंद्र सरकार ने पांच वर्षों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। 2006 में गठित इस संगठन के नाम में 'पापुलर' शब्द जरूर है, लेकिन वास्तव में यह लोकप्रिय कहीं पर नहीं है। देश के एक है। बड़ी संख्या में इसके सदस्यों पर हिंसा, गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकी घटनाओं में शामिल रहने के आरोप हैं। केंद्र सरकार ने एक दिन में फैसला नहीं किया है। कई वर्षों से इसके खिलाफ जांच चल रही थी।सरकार ने पीएफआइ पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद इसकी राजनीतिक शाखा एसडीपीआइ को छोड़ दिया




विभिन्न राज्यों में पुलिस और एनआइए ने पीएफआइ कार्यकर्ताओं और इससे जुड़े संगठनों के खिलाफ 1,300 से अधिक मामले दर्ज किए हैं।बड़ा सवाल यह कि क्या सरकार ने जल्दबाजी में कदम उठाया है पीएफआइ पर प्रतिबंध के खिलाफ इक्का-दुक्का विरोध के स्वर भी उठे। एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, यह ऐसे मुस्लिम संगठन पर प्रतिबंध है, जो अपने मन की बात कहता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार ने जल्दबाजी में कदम उठाया है एनआइए के एक अधिकारी ने बताया, पीएफआइ देश के सबसे कट्टर मुस्लिम संगठनों में है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पीएफआइ के एजेंडे को एसडीपीआइ आगे बढ़ाएगी। कर्नाटक में यह मुसलमानों के बीच तेजी से पैठ बनाने में सफल हुई है। हिंदूवादी संगठनों से कई बार इसका घातक टकराव हो चुका है प्रोफेसर केरल के जिस प्रोफेसर टीजे जोसेफ का हाथ पीएफआइ कार्यकर्ताओं ने काट दिया था, उन्होंने कहा है कि आरएसएस से इसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है। इसे देश और इसकी संस्कृति से प्रेम है। पीएफआइ के बारे में सब जानते हैं कि इसने क्या किया है।

## लगातार छठी बार इंदौर बना देश का सबसे स्वच्छ शहर, दूसरे स्थान पर है गुजरात का सूरत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर को लगातार छठी बार देश का सबसे साफ-सुथरा शहर होने का सम्मान मिला है। इसके बाद गुजरात के सूरत और महाराष्ट्र के नवी मुंबई को स्थान दिया गया है। केंद्र सरकार के वार्षिक




स्वच्छता सर्वे का नतीजा शनिवार को जारी किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को आयोजित एक इवेंट में विजेताओं को सम्मानित किया। इस इवेंट में केंद्रीय आवास व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद थे। अब स्वच्छता मिशन के तहत कचरा मुक्त शहर का लक्ष्य रखा गया है सर्वे के बाद बेहतर प्रदर्शन वाले राज्यों की लिस्ट जारी की गई। इसमें सबसे ऊपर मध्य प्रदेश का नाम है जिसे स्वच्छ सर्वेक्षण सम्मान 2022 दिया जाएगा। इसके बाद गुजरात और महाराष्ट्र का नाम है। इस साल बड़े शहरों की कैटेगरी में इंदौर और सूरत हैं, जबकि विजयवाड़ा की जगह इस बार नवी मुंबई ने ले ली है। 100 शहरी स्थानीय निकायों से कम वाले राज्यों में त्रिपुरा ने शीर्ष स्थान हासिल किया। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों की कैटेगरी में महाराष्ट्र के पंचगनी ने पहला स्थान हासिल किया जिसके बाद छत्तीसगढ़ का पाटन और फिर महाराष्ट्र का ही करहड़ रहा। 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाली कैटेगरी में हरिद्वार को सबसे साफ गंगा शहर का सम्मान मिला। हरिद्वारा के बाद वाराणसी और फिर ऋषिकेश को यह सम्मान मिला। एक लाख से कम जनसंख्या वाले गंगा टाउन में बिजनौर अव्वल रहा। इसके बाद कन्नौज और फिर गढ़मुक्तेशवर को स्थान दिया गया है। सर्वे में महाराष्ट्र के देवलाली देश का सबसे साफ कैंटोनमेंट बोर्ड रहा।साल 2016 में शुरू किए गए इस स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत 73 शहरों को लिया गया था। सात सालों में बढ़कर यह आंकड़ा 4 हजार के पार पहुंच गया है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण का 7वां एडीशन था जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत मानिटरिंग के लिए किया गया और स्वच्छता के विभिन्न मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों की रैंकिंग की गई। इस साल 4,354 शहरों का सर्वेक्षण किया गया था।

## तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय वित्तीय राजधानी मुंबई से ज्यादा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को वारंगल में प्रतिमा राहत चिकित्सा विज्ञान संस्थान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय की तुलना भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई से की। सीएम ने कहा, तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई से अधिक है। पहले थीं, लेकिन अब हमारे पास राज्य में लगभग 6800 मेडिकल सीटें हैं।तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने 350 बेड की क्षमता वाले मुलुगु रोड पर बने प्रतिमा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। केसीआर ने कहा, कोई भी देश या समुदाय जिसके पास सारी जानकारी है वह आगे बढ़ेगा। कोई भी समुदाय जो आलसी और मूकदर्शक बन जाता है, उसे भारी नुकसान का सामना



हमारे पास केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन हमें 12 नए कॉलेज मिल सकते थे। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए केसीआर ने कहा, ''केंद्र सरकार एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं दे पाई है, लेकिन हमने मोटे तौर पर 33 जिलों में 33 नए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए हैं।कुछ ही दिनों में मिशन पूरा हो जाएगा। 2014 से पहले हमारे पास निजी और सरकारी सहित केवल 2800 सीटें करना पड़ता है।तेलंगाना को एक राज्य के रूप में मान्यता देने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा। मेडिकल छात्रों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, यह सबसे अच्छे राष्ट्रों में से एक है, लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए इसे जहर देने की कोशिश कर रहे है और यह समुदाय के लिए अच्छा नहीं है। भविष्य आपका है, एक छात्र और युवाओं के रूप में यह आपका कर्तव्य है कि हमारे राष्ट्र को एक महान राष्ट्र में बदले।

## पीएफआई के टारगेट पर थे पांच आरएसएस नेता केंद्र ने दी वाई कैटेगरी की सुरक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पॉपुलर डेमाक्रेटिक फ्रंट (इइ्) से केरल के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ(एए) नेताओं की सुरक्षा के मद्देनजर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक, केरल के 5 आरएसएस नेताओं को केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा दी गई एनआइए ने छापेमारी की थी, जिसमें कई चौंकानेवाले तथ्य सामने आए। 22 सितंबर को पीएफआइ के सदस्य मोहम्मद बशीर पर छापेमारी के दौरान एनआइए को आरएसएस नेताओं की लिस्ट मिली, जिसमें आरएसएस के 5 नेताओं को जान से मारने का जिक्र किया गया था। इसके बाद सुरक्षा



है। हाल ही में गिरफ्तार किए गए कुछ पीएफआई नेताओं से पूछताछ में ये बात सामने आई है कि उनके निशाने पर कई आरएसएस नेता थे। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनआइ और आइबी की रिपोर्ट के आधार पर केरल के पांच आरएसएस नेताओं को वाइ कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इन नेताओं की सुरक्षा में अब पैरामिलिट्री फोर्स के कमांडो तैनात रहेंगे। सूत्रों की मानें तो पीएफआइ नेताओं के पास से एक लिस्ट मिली है, जिसमें कई आरएसएस नेताओं का नाम लिखा था। पीएफआइ पर केंद्र सरकार ने अगले 5 सालों के लिए बैन लगा दिया है। पिछले दिनों देशभर में पीएफआइ के ठिकानों पर एजेंसियों आरएसएस नेताओं की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गई। इसी के चलते केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांचों नेताओं को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी है। बताया जा रहा है कि केंद्र और राज्यों के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) ने कथित रूप से हाई कोर्ट के जजों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, अहमदिया मुसलमानों और तमिलनाडु आने वाले विदेशियों खासकर यहूदियों को निशाना बनाने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि छापों के दौरान मिले दस्तावेज में पीएफआई के 2047 तक के रोडमैप के बारे में भी पता चलता है।

# डॉ. ईशान्या राज को मिला एक्सीलेंट सम्मान




(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. ईशान्या राज को शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए वैश्विक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली की ओर से किया गया था। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय परिषद की ओर से स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है।

# परिषदीय स्कूल अब नौ से तीन बजे तक खुलेंगे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित प्रदेशभर के 1.5 लाख से अधिक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के खुलने और बंद होने का समय शनिवार से बदल गया। सचिव प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को शुक्रवार को पत्र लिखकर बदले समय के अनुसार विद्यलय संचालन के निर्देश दिए हैं। कक्षा एक से आठ तक में पढ़ाई के लिए एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ से अपरान्ह तीन बजे तक (प्रार्थना सभा व योगाभ्यास सुबह नौ बजे से 09:15) तक निर्धारित है। एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक स्कूल सुबह आठ से अपरानह दो बजे तक (प्रार्थना सभा व योगाभ्यास सुबह 8 से 08.15) तक संचालित होते हैं।



# ज्वाला देवी विद्या मंदिर स्कूल के बाहर बमबाजी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में एक स्कूल के बाहर बमबाजी से खलबली मच गई। सिविल लाइंस स्थित ज्वाला देवी विद्या मंदिर स्कूल के बाहर कुछ लोगों ने बमबाजी करके रात में दहशत फैला दी। हालांकि वारदात रात में हुई लेकिन घटना से शिक्षकों और छात्रों में भय व्याप्त हो गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन लोगों ने बमबाजी की, क्यों घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ऐसा करने वालों की तलाश कर रही है।

# सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक द्वारा किया जा रहा पी डी ए कॉलोनी की रोड का अतिक्रमण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नैनी/प्रयागराज।** सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक ए के श्रीवास्तव प्रदेश के एवं नगर निगम के कानून को ता क पे रखकर रोड पक़र अतिक्रमण किये जा रहे है उन्होंने लगभग 6 फीट की दिवार उठाकर बाकायदा प्लास्टर करके कब्ज़ा कर रखा है उस दिवार से नगर निगम की कानून का खुलेआम मजाक मनाया जा रहा नगर निगम के आला अधिकारी प्रतिदिन उसी मार्ग से गुजरते है परन्तु किसी क ध्यान उसपे नह जाता क्युकी उनके घर के बहार उत्तर प्रदेश पुलिस की नाम की तख्ती लगी है पी डी ए के मुख्य मार्ग पे ऐसा आतिक्रमण किसी की नज़र मे नही आया या भविश्य कार्यवाही नही की गयी ये समझ से परे है।





# नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों में भक्तों ने किया दर्शन-पूजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार पूजन किया गया। शक्तिपीठ ललिता देवी, कल्याणी देवी और अलोपशंकरी देवी मंदिर में भक्तों ने देवी को चुनरी, नारियल, नैवेद्य, फल, मिष्ठान आदि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में आचार्यो के सानिध्य में अनुष्ठान पूजन किया गया। दुर्गा पूजा के तहत पंचमी को पंडालों में देवी विराजमान होंगी। बारवारी कमेटियों की ओर से दुर्गा प्रतिमाओं को पूजा स्थल पर लाने का क्रम शुरू हो गया है। कल्याणी देवी में पं. सुशील पाठक के सानिध्य में मां कल्याणी का ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार किया गया। ललिता देवी में विश्व कल्याण के निमित्त शतचंडी यज्ञ में आहुतियां दी गईं।



# युवक की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश ग्रामीणों ने किया विरोध, पुलिस ने शव कब्ज़े में लिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** यमुनापार के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज स्थित दुर्गागंज गांव में युवक की हत्या कर गांव के किनारे एक कुएं में लाश फेंक दी गई। दुर्गागंज गांव का रहने वाला 22 वर्षीय विवेक कुमार पुत्र श्यामलाल



सरोज मुंबई में रहकर सिलाई का काम करता था कुछ दिन पूर्व मुंबई से घर आया था। शनिवार को सुबह गांव के किनारे एक बाइक लावारिस हालत में ग्रामीणों ने देखी। कुछ ही देर में वहां भीड़ जुट गई। इसी दौरान विवेक का बड़ा भाई रंजीत भी पहुंच गया। उसने बाइक को पहचान लिया। वहीं बगल की झाड़ी में खून भी लोगों ने देखा। और नजदीक जाने पर घटनास्थल के करीब स्थित एक कुएं में विवेक का उतराता शव देखा तो लोगों में खलबली मच गई।इसी बीच सूचना पाकर नवाबगंज थाने की पुलिस पहुंची। एनडीआरएफ की टीम को बुलवाकर पुलिस ने शव कुएं से जैसे ही बाहर निकाला लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मंदिरों में कात्यायनी स्वरूप का भक्तों ने किया पूजन-अर्चन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप का पूजन-अर्चन किया गया।



शक्तिपीठ ललिता देवी, कल्याणी देवी, आलोपशंकरी व शहर के अन्य देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धा, उल्लास से अनुष्ठान पूजन किया। घरों में भक्तों ने मां का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया और दीप प्रज्जवलित करके मंगल कामना की। ललिता देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि कात्यायनी देवी सर्व मंगल करती हैं। कल्याणी देवी में भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। मां का बहुरंगी पुष्पों से श्रृंगार किया गया। अलोपशंकरी देवी में आरती, पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कटरा कालीबाड़ी, मुट्ठीगंज कालीबाड़ी में आचार्यों के सानिध्य में अनुष्ठान, पूजन किया गया।

# नैनी, प्रयागराज द्वारा संचालित काली माता जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नैनी/प्रयागराज।** नव दुर्गा कमेटी कांशी राम आवास योजना नैनी , प्रयागराज द्वारा संचालित काली माता जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भक्तजनों का भारी जन सैलाब ढोल , नगाड़े व डी0जे0आतिशबाजी जय कारे उद्घोष के साथ कांशी राम कॉलोनी से होते हुए ए0डी0ए0 चौकी , पाठक मार्केट से वापस पंडाल तक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रुप से श्रीमान दिलीप केसरवानी अध्यक्ष नैनी मंडल , विनोद तिवारी अमित पांडेय, बुलबुल राव जी , राजेश सिंह , साधु पटेल दिनेश सिंह , रवि मिश्रा , महेंद्र भारतीया , फिरोज खान ,राजकुमार भारतीय , दीपक पटेल , मनोज भारतीय , आदि गणमान्य उपस्थित रहे । शोभा यात्रा के संयोजक मंडल श्रीमान सुनील जायसवाल पिंटू भारतीय , सोनू दुबे , राजकुमार बाबाजी , ब्रह्मानंद मिश्रा , दिनेश कनौजिया , शेखर मलिक , कैलाश बंशकार , रवि गोस्वामी , हरिओम साहू , छोटू पटेल , किशन मलिक ,अनिल पटेल, राम सिंह आदि कार्यकर्ताओं समेत कमेटी के सदस्य गण मौजूद रहे ।




# दुर्गा पूजा, रामलीला, दशहर मेला से हर तरफ उल्लास

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** दो साल तक कोरोना संकट के तनाव में जूझते रहे लोग अबकी त्योहारी सीजन में उल्लास और उत्साह से भरे दिख रहे हैं। बच्चे और युवा हों या फिर महिलाएं और बुजुर्ग। सभी फेस्टिव सीजन के मूड में हैं। हर तरफ उल्लास छाया है। लोग तनाव, दुख, विषाद से उबरकर अब आनंद में झूम रहे हैं। जन्माष्टमी उत्सव, दाधिकांदो मेला से शुरू होकर अब नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा पर त्योहारी सीजन पीक पर है। नवरात्रि शुरू होने के बाद से देवी मंदिरों पर पूजन-अर्चन को जुट रही महिलाओं के साथ आ रहे बच्चे मंदिरों के बाहर लगे मेले में चहकते दिखे। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा भी मंदिरों और बाहर लगे मेले पर खानपान का लुत्फ उठाते दिखे। आज शुक्रवार से तो दुर्गा पूजा पंडालों में भी खासी भीड़ उमड़ने की उम्मीद की जा रही है।



# विस्फोटक सामग्री के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(बारा) प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी हेत लाल आदिवासी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ बारा पुलिस ने गिरफ्तार किया। बता दें कि निरीक्षक राजेश कुमार सचान उपनिरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर कांस्टेबल दिनेश पाल धर्मेंद्र मौर्य रजत कुमार गश्त पर निकले थे तभी मुखबिरों से सूचना मिली कि लोहगरा रेलवे स्टेशन पर हेत लाल आदिवासी अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ बैठा है। तभी पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के पश्चात विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।




# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने थैंक गॉड फिल्म का किया विरोध

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयागराज में कल अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वधान में अजय देवगन द्वारा अभिनीत फिल्म थैंक गॉड में भगवान चित्रगुप्त को अमर्यादित तरीके से उनके चरित्र एवं वेशभूषा को प्रस्तुत किया गया है जिसके विरोध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ संजय श्रीवास्तव राजन के नेतृत्व में फिल्म के कलाकारों एवं निर्माता के विरोध में प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया राजन ने हिंदू देवी देवताओं के अपमानित करने पर रोष व्यक्त किया और चेतावनी दिया की सिनेमा जगत में इस तरह के कृत्यों पर पाबंदी लगाई जाए अन्यथा हिंदू समाज सड़क से लेकर सदन तक लड़ने के लिए बाध्य होगा विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, रतन खरे, विवेक गौड़, श्रीकांत श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, शशि भूषण त्रिपाठी, चंदन, बंटी तथा अन्य सैकड़ों हिंदू संगठन के लोग उपस्थित रहे।



# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में एबीविपी ने फीस बढ़ोतरी के विरोध में की तालाबंदी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** पिछले 10 दिनों से फीस वृद्धि को लेकर डीएसडब्लूयू कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ता उग्र हो गए। सुबह 8:00 बजे ही परिसर में तालाबंदी कर दी। केपीयूसी गेट लाइब्रेरी गेट छात्रसंघ भवन गेट सहित विश्वविद्यालय में प्रवेश के सभी रास्तों पर ताला जड़ दिया। साथ ही विश्वविद्यालय में छात्रों ने पढ़ाई बाधित करने की तैयारी कर ली है। परिसर में अचानक हुई इस घटना के बाद पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई। एडीएम सिटी ने पहले समझाने की कोशिश की फिर करीब साढ़े दस बजे ताला तोड़कर गेट खोलवा दिया जिसके बाद छात्र-छात्राएं कक्षाओं में जा सके।




# ग्राम सभा सेहुंडा की सोशल ऑडिट की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(बारा) प्रयागराज।** विकासखंड क्षेत्र जसरा के सेहुंडा गाँव में प्रयागराज जिले से आये अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा की सोशल ऑडिट की बैठक हुई। जिसमें आये हुए अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2011 में हुई जनगणना के तहत ही अब तक लोगों को सरकार द्वारा आवास स्वीकृत किये गए हैं। पुराना सत्र समाप्त होने के बाद अब पुनः पात्र व्यक्तियों को ही सरकारी आवास योजना का लाभ मिलेगा।ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विकासखंड से नामित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा।मनरेगा योजना के तहत जॉबकार्ड धारकों को एक साल में न्यूनतम 100 दिनों का काम दिया जाता है।और जो भी ग्रामवासी जॉबकार्ड बनवाने के इच्छुक हैं, आवश्यक दस्तावेज के साथ पंचायत-भवन आकर जॉबकार्ड बनवा सकते हैं।लेकिन जॉबकार्ड बन जाने के बाद मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने की बाध्यता होती है।काम न करने वाले लोगों का जॉबकार्ड एक वर्ष बाद निरस्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रयाग प्रभात टीम के यमुनापार प्रभारी महेश प्रसाद त्रिपाठी, जसरा ब्लाक प्रभारी यादवेंद्र सिंह यादव, ग्राम प्रधान रज्जन आदिवासी, राजू कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह (खबरीलाल),रामभवन विश्वकर्मा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान कलामुद्दीन, अंजनी आदिवासी, सुनील,शुभम,अनुराग पाल सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।






100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# सैदपुर में हुई रिवर रैंचिंग, जिपं अध्यक्ष ने गंगा में छोड़ी 65 हजार मछलियां मछुआरों को दिया निःशुल्क बीमा कार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सैदपुर।** नगर के रंगमहल स्थित गंगा घाट पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत मत्स्य विभाग के तत्वावधान में रिवर रैंचिंग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ये मछलियां नदी में नाइट्रोजन की अधिकता बढ़ाने वाले कारकों को नष्ट करेंगी। जिससे गंगा अविरल और निर्मल बनने की तरफ बढ़ रही है। पूर्व सभासद रविकांत निषाद ने कहा कि गंगा की स्वच्छता और भूगर्भ जल मछुआरों का लक्ष्य था, जिसे हमने 1317 का बीमा करके प्राप्त कर लिया है। मछुआ दुर्घटना बीमा के तहत 5 मछुआरों को मुख्य अतिथि ने बीमा कार्ड दिया। वहीं 2 मछली किसानों को केसीसी कार्ड दिया।



जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने गंगा नदी में 65 हजार छोटी मछलियां छोड़ी। अध्यक्ष ने कहा कि गंगा नदी को प्रदूषणमुक्त करने व नदियों की पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने सरकार ने लाखों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को छोड़ने का निर्णय लिया है। मत्स्य विभाग वाराणसी के डिप्टी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि के संरक्षण के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं, ये भी उसी का एक हिस्सा है। कहा कि ये मछलियां गंगा की गंदगी को तो समाप्त करती है, साथ ही जलीय जंतुओं के लिए भी हितकारी होती हैं। ग़ाज़ीपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सपना पुरी ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी मछुआरों का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है। बताया कि ग़ाज़ीपुर में 1313 इसके अलावा पूर्व सभासद व प्रमुख मछुआरा रविकांत निषाद को प्रगतिशील मत्स्य पालक के सम्मान से सम्मानित किया और उनकी तारीफ की। इस मौके पर मत्स्य इंस्पेक्टर आनंद कुमार, आकाशदीप, डीएन सिंह, रघुवंश सिंह पप्पू, सभासद बृजेश जायसवाल, राजेश सोनकर, प्रतिनिधि सन्तोष सोनकर आदि रहे।

# गोवंशों व मृत नीलगाय के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, 4 की हो रही तलाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस ने थानाक्षेत्र के एकौझी पुलिया के पास से मांस के लिए नीलगाय को मारकर ले जा रहे 3 गोतस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 2 गोवंशों समेत 4 चाकू भी बरामद हुए। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। कोतवाल विमलेश मौर्य सूचना के आधार पर एसआई हैदर अली व बृजेंद्र सिंह के साथ एकौझी पुलिया पास पहुंचे। वहां से उन्होंने मरे हुए नीलगाय व दो जिंदा गोवंशों समेत मेराज पुत्र रशीद, सरफराज पुत्र यूनुस व लालबहादुर राम पुत्र स्व. रामसकल राम निवासी डहरा कलां को धर दबोचा। इसके बाद थाने लाकर तीनों को जेल भेज दिया। इसके अलावा मौके से फरार 4 वांछितों की पुलिस तलाश कर रही है। जिसमें घुरहू पुत्र सेराज, गुड्डू हेला, सोनू पुत्र गुड्डू व करिया पुत्र मुमताज शामिल हैं। इस दौरान टीम में कोतवाल व एसआई के साथ कां. राजेंद्र शर्मा, अभिषेक तिवारी, इंद्रेश कुमार व बलराम गोंड शामिल रहे।




# जांच करने पहुंचे एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी कई पुलिसकर्मी तैनात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अलीपुर।** तनाव की स्थिति अलीपुर गांव में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण को लेकर भूमि चिह्नित की गई है। भूमि विवादित है। इस पर कब्जा भी है। इसी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय कार्यकर्ताओं के साथ बीते शनिवार को तहसील पहुंचे। वार्ता के दौरान अलीपुर गांव में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण को लेकर भूमि चिह्नित की गई है। भूमि विवादित है। इस पर कब्जा भी है। इसी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय कार्यकर्ताओं के साथ बीते शनिवार को तहसील पहुंचे। वार्ता के दौरान तहसील कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हो



तहसील कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हो गई। तहसील परिसर में शनिवार को भाजपा नेताओं और तहसीलदार, एसडीएम और राजस्वकर्मियों के साथ हुई मारपीट को लेकर अब भी तनाव है। तहसील में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं घटना की जांच करने के लिए सोमवार को एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र व एसपी सिटी शैलेंद्र लाल जांच करने पहुंचे। जानकारी के मुताबिक गई। मामले में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने एडीएम प्रशासन और एसपी सिटी को जांच सौंपी है। डीएम ने दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। ऐसे में सोमवार को जांच अधिकारी एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा व एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने पहले घूम कर वहां का निरीक्षण किया जहां पर विवाद शुरू हुआ था। दोनों अधिकारियों ने एक-एक बिंदु की जांच की। साथ ही घटना की पूरी जानकारी जुटाई। देर शाम तक वह तहसील का निरीक्षण करते रहे।

# राजभाषा हिन्दी प्रचार-प्रसार में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है रामाश्रय पाण्डेय मंडल रेल प्रबंधक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबन्धक रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर मनाए जा रहे राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह मे पुरस्कार वितरण एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन आज शुक्रवार को मंडल कार्यालय के भारतेन्दु सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस




दौरान काव्य गोष्ठी में जाने-माने रचनाकार पं0भूषण त्यागी,श्री भाल चन्द्र त्रिपाठी,श्री नागेश शांडिल्य,श्री फजीहत गहमरी एवं डा0 अल्का दूबे ने मनोहारी काव्य पाठ किया।इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि राजभाषा के हिन्दी प्रचार-प्रसार में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हम रेल के प्रत्येक कार्य क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग प्रसार के लिये निरन्तर सजग है,जिसकी आज का यह कवि सम्मेलन महत्वपूर्ण कड़ी है।उन्होंने कहा कि पूर्वान्चल की पावन धरा प्राचीन काल से महान साहित्यकार की कर्म भूमि उनकी अमूल्य कृतियों की धरोहर रही है। कलम के धनी साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन किये है।तुलसीदास, कबीरदास, जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' जैसे साहित्यकारों ने अपनी कृतियों के माध्यम से न केवल हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया अपितु समाज का पथ प्रदर्शन भी किया।मंडल रेल प्रबन्धक रामाश्रय पाण्डेय कहा कि कवि की दृष्टि बहुत सूक्ष्म होती है और कवि तथा उनकी कविताओं का अपने समय के सभी सरोकारों से गहरा रिश्ता होता है। राजभाषा अधिकारी एवं उनकी टीम इस काव्य संध्या के आयोजन के लिये बधाई के पात्र हैं।कविता मेंप्रतिकों के माध्यम से कवि अपने समय के समाज का हृदयस्पर्शी चित्रण करते हुए दिखाई देता है। सही अर्थीं में कविता एक सजग प्रहरी के रुप कार्य करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान करने के साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन भी करती है।आज उपस्थित रचनाकार एवं कवि अपनी कविता रूपी संजीवनी से हमारे रेल कमिर्यों के अन्दर एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे। इस दौरान समारोह मे अतिथियों एवं कवियों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ज्ञानेश त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मनोरंजन के साथ ही उत्साहवर्धन भी होता है। कहा आज इस कवि सम्मेलन में आमंत्रित सभी कवियों का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ।वाराणसी मंडल सदैव से राजभाषा प्रयोग-प्रसार की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभाता रहा है।हमारे यहाँ सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने की पुष्ट परंपरा विद्यमान है। हम इन कार्यक्रमों की मदद से अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को हिंदी के प्रति प्रोत्साहित करते हैं।हम जानते हैं कि कविता न केवल सुखद आनंद की अनुभूति कराती है बल्कि जीवन में एक नई उमंग एवं जोश भर देती है।इस अवसर पर मंडल कार्यालय की राजभाषा सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित निबंध,टिप्पण , वाक एवं प्रशनेत्तरी प्रतियोगिताओं मे सफल 13 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होने स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को बधाई देते हुए अन्य कर्मचारियों सेअग्रह किया कि वे भी राजभाषा में अपनी रुचि बढ़ाएं एवं प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करें। इसके पूर्व सहायक संरक्षा अधिकारी व राजभाषा अधिकारी विजय प्रताप आर्या ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए राजभाषा के पखवाड़े के अन्तर्गत वाराणसी मंडल पर हुए विभिन्न आयोजनों एवं क्रिया कलापों से सबको परिचित कराया और प्रत्येक क्षेत्र में राजभाषा के प्रयोग पर बल दिया।काव्य गोष्ठी का संचालन कवि पं0 भूषण त्यागी एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी ने किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा)ज्ञानेश त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) एस0पी0एस यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा कल्पना दूबे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल,वरिष्ठमंडल विद्युत इंजीनियर (आपरेशन) अनिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री आशुतोष शुक्ला,वरिष्ठ मंडल संसाधन एवं आंकड़ा प्रबंधक श्री एसएन राम,मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा,सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री एस0आर0के0 मिश्रा, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री विजय आर्या एवं विभिन्न शाखाधिकारियों,स्टेशनों से पधारे प्रतियोगिताओं में सफल कर्मचारी उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी ने दी है।

# बलिया पुलिस टीम को मिली सफलता 20 लाख की अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।**एसपी राजकरन नय्यर के निर्देशन तथा एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा एसएन वैस के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुभाष चन्द यादव व रसड़ा पुलिस टीम के उनि अजय कुमार यादव मय फोर्स व एध्उ टीम प्रभारी उनि अजय यादव मय टीम व आबकारी निरीक्षक जिला रतलाम मध्य प्रदेश) बताया। जाकिर के पास से एक नोकिया किपैड मोबाइल बरामद हुआ। वहीं, उ्रण्श् ट्रक को चेक किया गया तो 584 पेटी, प्रत्येक पेटी 48 शीशी, प्रत्येक शीशी 180 की पायी गयी, जिस पर अलग अलग कम्पनी के रैपर लगी हुई कुल 5045.76 लीटर शराब बरामद हुई। वाहन के सम्बन्ध में कागजात मांगा यादव, हेका आशीष यादव बृजेश यादव, का. विवेक पाण्डेय का. अजय मौर्या, एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक अजय यादव हेका वे प्रकाश दूबे, आलोक कुमार सिंह, का. राकेश कुमार यादव, रोहित कुमार यादव, विनोद रघुवंशी, विकास सिंह, कृष्ण कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान, हेका मो.



दिनेश कुमार पासवान मय टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गढिया क्रासिंग पर बैरिकेटिंग कर रेलवे क्रासिंग के पास से एक व्यक्ति को डीसीएम ट्रक नं.-22 7588 के साथ पकड़ लिया। उसने अपना नाम जाकिर हुसैन पुत्र अहमद अली (निवासी ग्राम धराड़ थाना बिलपाक गया तो दिखाने से कासिर रहा। पुलिस ने वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज करने के साथ ही अभियुक्त को धारा 272, 273, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60 (1)/63/72 आबकारी अधिनियम में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।पुलिस टीम में एसआई अजय परवेज, का. हरपाल सिंह शामिल रहे। बरामदगी का विवरण 584 पेटी अवैध अपमिश्रित शराब 5045.76 लीटर (कीमत लगभग 20 लाख) 01 लाल रंग की डीसीएम ट्रक नम्बर -22 7588 (कीमत लगभग 18 से 20 लाख) एक किपैड नोकिया मोबाइल।

# चार दिन से लापता वृद्ध का खेत में मिला शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बरईपार।** मछलीशहर के बारी गांव से चार दिन पहले लापता हुए एक वृद्ध का शव घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर धान के खेत में सोमवार को मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार बारी गांव निवासी रामकिशोर पटेल (90) घर से टहलने निकले थे। शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। असफल रहने पर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण धान की फसल देखने खेत गए तो वहां रामकिशोर का शव पड़ा था। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि चार दिन पहले बुजुर्ग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# श्री आदर्श रामलीला समिति में जनक विन्देश्वरी सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गाजीपुर।** खानपुर क्षेत्र के सिधौना में चल रही रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में मिथिला के राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन करते है। जिसमें उनकी शर्त है कि जो शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ जानकी का विवाह संपन्न होगा। जनक के आमंत्रण पर स्वयंवर में अनेक देशों के राजाओं के साथ गुरू विश्वामित्र भी शामिल होने आते है। जिनके साथ राम और लक्ष्मण भी आते है। घोषणा होते ही एक एक करके सभी राजा धनुष को तोड़ने के लिए जोर लगाते है, मगर उसे उठाने की कौन कहे कोई हिला तक नहीं सका। जिसपर राजा जनक दुखी होकर कहते है कि क्या देश वीरों से खाली हो गई है। क्या कोई



महारथी इस धनुष को उठा नही सकता। इस पर लक्ष्मण को क्रोध आ जाता है और उनकी राजा जनक से तीखी नोकझोंक हो जाती है। मुश्किल स्थिति देखते हुए विश्वामित्र ने राम को इशारे से धनुष तोड़ने की आज्ञा देते है। श्रीराम द्वारा धनुष उठाते ही वह टूट गया। धनुष टूटते ही पूरे पांडाल में जयश्री राम के गगनभेदी नारे लगने लगने लगते है। तभी भरी सभा वहां क्रोधित परशुराम पहुंच जाते है और धनुष के टूटने पर क्रोधित हो उठते है। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद होता है। इसके पश्चात धूमधाम से भगवान श्रीराम व सीता जी का विवाह संपन्न होता है। अपने भव्य मेकअप और दिव्य मंचन के लिए प्रसिद्ध सिधौना की रामलीला में राम की भूमिका में अवतंश मिश्रा, लक्ष्मण अनुराग मिश्र, जनक विन्देश्वरी सिंह, परशुराम श्रवण कुमार, रावण अनिल सिंह, वाणासुर प्रदीप कुमार और बंदीजन का रोल ओम प्रकाश दीक्षित ने निभाया।

# नवरात्र के व्रत में महिलाएं रखे अपना खास ख्याल खानपान पर विशेष ध्यान दें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ/वाराणसी।**नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और चारों ओर मां की भक्ति का माहौल है अगर गर्भवती महिला नवरात्र के दौरान व्रत रखना चाहे तो उसे अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्रत के दौरान इसका प्रभाव केवल मां पर ही नहीं अपितु होने वाली संतान पर भी पड़ता है। पहली तिमाही में गर्भवती महिला व्रत न रखे तो अच्छा होगा क्योंकि लंबे समय तक भूखा रहने पर जी मिचलाना एवम् उल्टी की समस्या हो सकती है। साथ ही तीसरी तिमाही में व्रत के साथ चक्कर आने का खतरा हो सकता है। गर्भवती महिला को यदि कोई अन्य संक्रमण है तो वो व्रत ना रखे। व्रत के दौरान गर्भ में भरूण की हलचल पर ध्यान दें तथा कुछ परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टरी परामर्श लें। पूरी तरह स्वस्थ्य गर्भवती महिला को ही नवरात्र का व्रत रखना चाहिए। गर्भावस्था में महिला का शरीर पूरा पोषण चाहता है और ऐसे में उसे संतुलित आहार की आवश्यकता होती है। ज्यादा तली भूनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। व्रत के दौरान गर्भवती महिला को हर दो घंटे में कुछ ना कुछ पौष्टिक चीजें (फल, दूध एवम् सूखे मेवे) का सेवन करना चाहिए। साथ ही अधिक से अधिक पानी और नारियल पानी का सेवन करे। उचित होगा कि व्रत रखने से पूर्व गर्भवती महिला को चिकित्सक की भी सलाह ले लेनी चाहिए।



# सम्पादकीय

## इंग्लैंड तक कैसे पहुंचा सांप्रदायिक तनाव

सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाने वाला मध्य इंग्लैंड का शहर लेस्टर सांप्रदायिक तनाव की वजह से चर्चा में है। लंदन से लगभग 150 किमी उत्तर और बर्मिंघम से 50 किमी पूर्व में बसे इस शहर में ताजा जनगणना के अनुसार लगभग दो लाख भारतीय और दस हजार पाकिस्तानी प्रवासी हैं। भारतीय प्रवासियों में से लगभग एक लाख मुसलमान, 75 हजार हिंदू और 25 हजार सिख हैं। शहर की कुल आबादी साढ़े पांच लाख है। भारत में विभाजन की विभीषिका से और पूर्वी अफ्रीकी देशों की हिंसा से भाग कर आने के बावजूद लेस्टर में आकर लोगों ने पुराने वैमनस्य भुलाकर मिल-जुलकर रहना शुरू किया कुछ ही दशकों के भीतर भारतीय प्रवासियों को लेस्टर के समृद्ध समुदाय के रूप में देखा जाने लगा। कभी मजदूरों की बस्ती कहा जाने वाला बेलग्रेविया लेस्टर का सबसे समृद्ध जौहरी बाजार बन गया, जिसे पूरे मध्य इंग्लैंड में 'गोल्डन माइल' के रूप में जाना जाता है। गोल्डन माइल की दीपावली को विदेश की सबसे भव्य दीपावली के रूप में जाना जाता है। इसी सड़क के मेल्टन रोड वाले छोर पर 28 अगस्त की शाम एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद हिंदू और मुस्लिम खेलप्रेमियों के बीच टकराव हुआ। इंग्लैंड के शहरों में खेलप्रेमियों के बीच तनातनी और नारेबाजी कोई नई बात नहीं। फुटबाल मैचों के साथ भारत-पाक क्रिकेट मैचों के बाद भी नारेबाजी होना आम बात है, लेकिन 28 अगस्त और उसके बाद के तीन हफ्तों में जो हुआ, उसने लेस्टर ही नहीं, पूरे मध्य इंग्लैंड के शहरों को चिंता में डाल दिया है। 28 अगस्त को मैच के बाद भारत समर्थक क्रिक्रेट प्रेमियों के एक गुट ने भारतीय ध्वज के साथ बेलग्रेव रोड पर विजय जुलूस निकाला। जुलूस में मुख्यतः हिंदू थे और हिंदुस्तान जिंदाबाद और वंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। इस जुलूस के विरोध में मुस्लिम खेलप्रेमियों ने भी एक जुलूस निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अचानक एक व्यक्ति ने भारतीय ध्वज छीनकर नीचे गिरा दिया। लोगों को लगा कि भारतीय झंडे का अपमान करने वाला पाकिस्तानी ही होगा, इसलिए उसकी पिटाई की और फिर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। बाद में पता चला कि झंडा गिराने वाला असल में सिख था। 28 अगस्त की घटना तो वहीं खत्म हो गई, लेकिन उसके बाद जो शुरू हुआ, वह लेस्टर में पहले कभी नहीं हुआ था। वह था इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक और मिथ्या प्रचार का युद्ध, जिसकी कमान तीन जिहादियों के हाथों में थी। पहला, माजिद फ्रीमैन। इसके तार पीएफआइ और आइएस जैसे संगठनों से जुड़े हैं। वह लेस्टर में ही रहता है। दूसरा, मोहम्मद हिजाब जो मिस्र मूल का जिहादी प्रचारक है और लंदन में रहता है। तीसरा, अंजुम चौधरी, जो जिहादी मौलवी अबू हमजा का करीबी और जिहादी संगठन अल मुहाजिरून का प्रवक्ता रहा है। वह आतंकी गतिविधियों के जुर्म में कई साल जेल भी काट चुका है। इन तीनों ने प्रचार किया कि 'क्रिकेट प्रेमियों के जुलूस में जिस शख्स को पीटा गया, वह मुस्लिम था और जो नारा लगाया गया, वह पाकिस्तान मुर्दाबाद का नहीं, बल्कि मुस्लिम मुर्दाबाद का था। यह सब हिंदुत्ववादी ताकतों और आरएसएस के इशारों पर हो रहा है।'लेस्टर के महापौर और पुलिस प्रमुख ने वक्तव्य जारी कर इस भ्रामक प्रचार का कई बार खंडन किया, लेकिन दुष्प्रचार अपना काम कर चुका था। शहर से जमा हुए और बर्मिंघम से आए उत्तेजित मुस्लिम गिरोहों ने हिंदू बस्तियों और बाजारों में नकाब पहन कर गश्त लगाना और तोड़फोड़ करना शुरू किया, जिसका सिलसिला तीन से छह सितंबर तक चला। घनी मुस्लिम आबादी के बीच ग्रीन लेन रोड पर रहने वाले हिंदुओं के अनुसार, मुस्लिम गिरोहों को जिन कारों में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं दिख रही थीं, उन्हें वे तोड़ रहे थे और अल्लाह-ओ-अकबर के साथ-साथ हिंदू और भारत विरोधी नारे भी लगा रहे थे। विश्लेषकों का कहना है कि लाखों बेनामी खातों से भ्रामक खबरें फैलाई जा रही थीं। एक लाख से अधिक बेनामी खाते भारत से खोले गए थे। लेस्टर के बाद 20 सितंबर को पुलिस की उपस्थिति में जिहादी भीड़ ने पश्चिमी बर्मिंघम के दुर्गा भवन हिंदू केंद्र का घेराव किया और एक युवक ने दीवार पर चढ़कर मंदिर की दिशा में अशोभनीय प्रदर्शन किया। पुलिस ने अब तक 47 लोगों को गिरफ्तार तो किया है, मगर इनमें फ्रीमैन, मोहम्मद हिजाब और अंजुम चौधरी जैसे जिहादी शामिल नहीं हैं, जिनके भ्रामक और उकसाऊ प्रचार से तनाव फैला। नवरात्रों के साथ ही हिंदू त्योहारों का दौर शुरू हो चुका है। लेस्टर में पुलिस की उपस्थिति बढ़ा दी गई है, लेकिन माहौल में दहशत है। सवाल उठता है कि खेल को लेकर होने वाली तनातनी ने अचानक इतना गंभीर रूप कैसे धारण कर लिये मुस्लिम पक्ष का और घटनाओं को केवल मोदी विरोधी नजरिये से देखने वालों का मानना है कि यह भारत में फैल रहे कथित उग्र हिंदूवाद का नतीजा है, लेकिन वहां रहने वाले बताते हैं कि लेस्टर भारत में होने वाली राजनीतिक घटनाओं के असर से अछूता नहीं रहा है। खालिस्तानी आंदोलन के दिनों में भी लेस्टर में छिटपुट आतंकी घटनाएं होती रही हैं। इसी तरह अयोध्या ढांचे के विध्वंस और गुजरात दंगों के दिनों में भी खासा तनाव रहा, पर इतना माहौल पहले कभी नहीं बिगड़ा। इसका कारण हिंदू उग्रवाद का लेस्टर और इंग्लैंड के बाकी शहरों में आना नहीं, क्योंकि पुलिस और खुफिया एजेंसियां कई बार कह चुकी हैं कि इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं। असली कारण भारत से आकर बसे और बाकी देशों के मुसलमानों के एक तबके का भारत में चल रहे घटनाक्रम की रिपोर्ट पढ़कर उग्र हो जाना है।मुसलमानों का एक वर्ग इराक, अफगानिस्तान और सीरिया की घटनाओं से भी उग्र होता जा रहा है। इस जिहादी तबके के लिए अब सीरिया, इराक और अफगानिस्तान जैसा कोई मुद्दा नहीं बचा है। चीन जो शिनजियांग में कर रहा है या सऊदी अरब जो कुछ यमन में कर रहा है।

# शिक्षा का भविष्य

आज हम समझेंगे आगरा से कौशाकी सोंधी द्वारा शिक्षा का भविष्य क्या होगा। वह कई विश्वविद्यालयों और स्कूलों के सलाहकार बोर्ड, नीति आयोग के परिवर्तन के सलाहकार, प्रधानाचार्य और अंतर्राष्ट्रीय के स्पर्श से सीखने की अंतहीन सीमाएं और समान आधारित एप्रोच और डिजाइन सोच। आभासी वास्तविकता दृष्टिकोण द्वारा कल्पना की अधिक रचनात्मक छाप। ग्रेडिंग समय की बर्बादी है, कठिन कौशल आकलन पर जोर देता है, अध्ययन की भविष्य की अवधारणा है। फिनलैंड में जो दुनिया के सफल शिक्षा मॉडल में से एक है, घटना आधारित शिक्षा को अपनाता है जहां शिक्षक मंच पर ऋषि होते हैं जिसका अर्थ है कि वे अपने




सार्वजनिक वक्ता हैं। वह भविष्य की शिक्षा क्या होगी के बारे में अपनी दृष्टि साझा करती है। वह कहती है, अवधारणा जहां शिक्षक खड़े होकर अवधारणा की व्याख्या करते थे, एक पुराना संस्करण है। अब छात्र सह-निर्माता हैं क्योंकि उन्होंने अनुसंधान द्वारा सीखने के नए क्षेत्र की खोज करना सीख लिया है। कक्षा की दीवारों से परे अब छात्र सहयोग, नेटवर्किंग, आकलन और टीम वर्क में संलगन हैं। अब यह केवल हाइब्रिड लर्निंग तक ही सीमित नहीं है बल्कि विस्तारित भविष्य की शिक्षा हाईफ्लेक्स लर्निंग में तैरेगी। हाईफ्लेक्स जहां बटन का हिस्सा होगा, निर्णय का नहीं। आउटरीच कार्यक्रमों की मानव पुस्तकालयों की अवधारणा द्वारा डेटा एकत्र करके और विचारों और कच्चे डेटा संग्रह को साझा करके नवाचारों और व्यक्तिगत सीखने के जोखिम उठाकर छात्रों को सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य है। अनुभवात्मक अधिगम और विश्लेषण अधिगम उपागम भविष्य के शिक्षा पहलू हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि अलग-अलग विषयों से सीखने को विभाजित नहीं करना बल्कि घटना आधारित शिक्षा द्वारा समग्र और वास्तविक दुनिया में जाना, जो सॉफ्ट स्किल्स क्षितिज का विस्तार करने के लिए छात्रों के साथ सीखते हैं। स्मार्ट बोर्ड आदि जैसी प्रौद्योगिकी ने एकीकृत संरचित पाठ्यक्रम बनाया है, लेकिन आने वाले समय में यह केवल संसाधन व्यक्ति के सहयोग से संभव है, क्योंकि हमारे पास छात्रों को एसटीईएम और एआई दृष्टिकोण प्रदान करने की कमी है। डेटा के बिना, आप एक राय के साथ सिर्फ यादृच्छिक व्यक्ति है तो अनुसंधान के माध्यम से अपने जोखिम के दायरे का विस्तार करें, बिना यह जाने कि आप क्या कर रहे है और जब आप नहीं जानते हैं, तो यह आश्चर्यजनक रूप से अथाह और असंख्य स्वॉटिंग का बिंदु है।

# उनके चिंतन में विद्‌यमान हैं विश्व की समस्याओं का समाधान

सांप्रदायिक सद्भावना की स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पण करने वाले महात्मा गांधी को दुनिया ने सराहा, स्वीकारा और विश्व शांति का अद्वितीय दूत माना। उन्होंने जीवन जीने का जो अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, उसके लिए अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि आगे आने वाली पीढि़यां मुश्किल से विश्वास कर पाएंगी कि कोई हाड़-मांस का ऐसा व्यक्ति भी इस पृथ्वी पर पैदा हुआ था। आज उसी भारत में न केवल उनके जीवन मूल्य और सिद्धांत भुलाए जा रहे हैं, बल्कि पंथिक विभेद बढ़ाने के लिए एक ऐसा वर्ग उभरा है, जो अपने स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। क्या आज से सात दशक पहले इस बात की कल्पना की जा सकती थी कि गांधीजी का सर्वप्रिय भजन- 'रघुपति राघव राजाराम, पतित पवन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान' हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार का आक्षेप झेलेगा विचारणीय प्रशन यह है कि गांधीजी के जीवन काल में उनकी दैनंदिन सभाओं में नियमपूर्वक गाए जानेवाले किसी भजन का किसी धर्म के आधार पर विरोध कभी नहीं किया गया, जो अब हो रहा है। इस भजन को हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार के रूप में देखने वाली पीढ़ी कैसे और किन तत्वों द्वारा तैयार की गई है इस बदलाव के क्या कारण हैं कि देश



के राष्ट्रगान के रूप में संविधान सम्मत 'वंदे मातरम' के अंश गाने पर भी कुछ लोगों को एतराज है। 1909 में 40 वर्षीय युवा मोहनदास करमचंद गांधी का लिखा गया 'हिंद स्वराज' अपने प्रकाशन के समय कुछ ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर पाया और उसमें से भी अधिकांश ने उसे अव्यावहारिक माना, परंतु आज विश्व जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उन सबका समाधान ढूंढ़ पाने के लिए वही हिंद स्वराज आशा की किरण बनकर वैश्विक पटल पर उभर रहा है। जिस सभ्यता को उन्होंने राक्षसी कहा था, आज उसका विकराल रूप जलवायु संकट, जल संकट, गरीबी, भुखमरी, बीमारी, हथियारों के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय की अंधी दौड़, हिंसा, अविश्वास, युद्ध इत्यादि के लगातार बढ़ते परिमाण पृथ्वी पर मानवता के बने रहने पर ही प्रशन चिह्न लगा रहे हैं। गांधीजी के जाने के बाद उनके ही प्रशिक्षित किए गए लोग सत्ता में आए, मगर उन सभी ने जैसा अंग्रेज चला रहे थे, उसे ही निरंतरता प्रदान करना अपना कर्तव्य मान लिया। गांधीजी की विकास और प्रगति की अवधारणा को नकार दिया। भारत ने विज्ञान, तकनीकी, प्रबंधन, अंतरिक्ष, कृषि इत्यादि अनेक क्षेत्रों में बड़ी सफलताएं प्राप्त कीं, लेकिन जो मानवीय गरिमा गांधीजी हर व्यक्ति को देना चाहते थे, विशेषकर उन्हें जो सैकड़ों वर्षों से सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दुराव और पीड़ा झेल रहे थे, वह उनको मिल नहीं सकी। पश्चिम की सभ्यता का अंधानुकरण और विदेशी शासकों के प्रति भक्ति-भाव के रहते यह संभव था ही नहीं। 'गांव, गरीब और गांधी' के प्रति न तो कभी गहराई से विमर्श हुआ और न ही उनके नाम पर बनी योजनाओं के ईमानदार क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया। इस सबका परिणाम यह हुआ कि भारत में गांधी और उनके विचार नेपथ्य में चले गए। गांधी ने जिस स्वतंत्र भारत की संकल्पना की थी, उसमें उनके द्वारा प्रतिपादित और उनके स्वयं तथा अनगिनत अनुयायियों द्वारा व्यवहार में लाए गए मूल्य अब कहां हैं कुछ राज्य सरकारों ने तो गांधीजी का चित्र अपने सरकारी दफ्तरों और संस्थानों से भी हटा दिया है। यह भी कैसी विडंबना है कि सारी राजनीति 'गांधी जी के पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति' के हित के नाम पर ही की जाती रही, लेकिन वही सबसे ज्यादा उपेक्षित भी रहा।

# देश को किसी भी कीमत पर इसका अड्डा नहीं बनने देना चाहिए

सीबीआइ और एनसीबी ने पुलिस के सहयोग से कई राज्यों में छापेमारी कर ड्रग्स की खरीद-बिक्री में लिप्त 175 लोगों को गिरफ्तार करने के



साथ उनके पास से जिस तरह मादक पदार्थ और धन बरामद किया, उससे यही पता चलता है कि उन्होंने देश भर में अपनी जड़ें जमा ली हैं। इस तरह की छापेमारी का सिलसिला तब तक कायम रहना चाहिए, जब तक ड्रग्स तस्करों की कमर नहीं टूट जाती। इन तस्करों की कमर वैसे ही तोड़ी जानी चाहिए, जैसे बीते कुछ दिनों में आतंकी संगठन पीएफआइ की तोड़ी गई। यह इसलिए आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है, क्योंकि ड्रग्स की बढ़ती खपत न केवल युवाओं को नशे का लती बनाकर उनका जीवन बर्बाद कर रही है, बल्कि अपराध तंत्र को फलने-फूलने का अवसर भी प्रदान कर रही है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि अपराध तंत्र ने ड्रग्स को अपना नया हथियार बना लिया है। चूंकि इस अपराध तंत्र में माफिया और आतंकी संगठन भी शामिल हैं, इसलिए उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसी किसी कार्रवाई से ही उनके हौसले पस्त होंगे और आंतरिक सुरक्षा का परिदृश्य सुधरेगा। आंतरिक सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खतरा बने तत्वों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति ही उनके दुस्साहस का दमन कर सकती है।

# सरकारी प्रयास मात्र से साफ रखना संभव नहीं, जनभागीदारी से ही स्वच्छ होगी गंगा

भारत की लगभग 43 प्रतिशत जनसंख्या गंगा घाटी क्षेत्र में रहती है, इसलिए गंगा का कायाकल्प करना अनिवार्य है। इस संदर्भ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण गंगा नदी की सफाई का काम वर्तमान सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। जहां एक ओर इसकी कुछ विशेषताएं हैं तो वहीं कुछ तथ्य ऐसे भी हैं, जो इस मिशन से गंगा स्वच्छ हो सकेगी अगर ऐसा होता तो गंगा निर्मल हो गई होती। उल्लेखनीय है कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 28,854 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 315 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से 130 परियोजनाएं पूरी भी हो गई हैं और बाकी पर अभी काम चल रहा है। इस संदर्भ में चिंता की बात यह है डाला जा रहा है। बिना ट्रीटमेंट वाले कचरे को गंगा नदी में जाने से रोकने के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना तैयार करना ही होगा। इसके बिना निर्मल धारा का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। खैर, नमामि गंगे के तहत करीब 151 सीवेज परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, ताकि गंगा बेसिन में ट्रीटमेंट क्षमता को ज्यादा से ज्यादा करना ही है तो उसके कुछ अवशेष मात्र को गंगा में प्रवाहित किया जा सकता है। यही बात अगर हर व्यक्ति समझ जाए कि गंगा सहित अन्य नदियों में प्रदूषण रोकना सबकी जिम्मेदारी है तो यह समस्या इतनी गंभीर न होने पाए। आज का एक आम नागरिक सोचता है कि गंगा सफाई अभियान केवल सरकार की ही जिम्मेदारी है, उसका इससे कोई



की सफलता पर प्रशनचिह्न लगाते हैं। यह हम सबका दुर्भाग्य ही है कि समय के साथ बढ़ती जनसंख्या, अनियोजित औद्योगीकरण और असंवहनीय कृषि प्रथाओं के कारण गंगा एवं इसकी सहायक नदियों में प्रदूषक तत्वों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यहां तक कि पिछले कई वर्षों से क्रियान्वित क्लीन गंगा मिशन के बावजूद इस दिशा में कोई अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहा है। उल्लेखनीय है कि गंगा को साफ करने के लिए एक्शन प्लान का आरंभ वर्ष 1986 में हुआ था। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से दाखिल हलफनामे में बताया गया कि वित्त वर्ष 2014-15 से 2021-22 के दौरान 11,993.71 करोड़ रुपये विभिनन्न विभागों को दिए गए हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में निगरानी कमेटी भी बनी हुई है। इस संदर्भ में ध्यान देने योग्य यह तथ्य है कि उत्तर प्रदेश में गंगा के किनारे 13 शहरों में 35 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं। इसके अलावा, सात अन्य शहरों में 15 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव भी है। फिलहाल 95 प्रतिशत सीवेज का शोधन किया जा रहा है। मालूम हो कि पिछले साल जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' के लिए अब तक 15,074 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। सवाल उठता है कि क्या मात्र रकम आवंटन कि इस मिशन पर खर्च तो निरंतर बढ़ाया जा रहा है, परंतु परिणाम खर्च के अनुकूल सामने आता नहीं दिख रहा है। विकसित हो आधारभूत ढांचा : गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है। इसका कारण हैं, कई उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पानी को नदी में प्रवाहित किया जाना। गंगा के आसपास रहने वाली विशाल जनसंख्या और उनके घरों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का सीधे सीवेज के माध्यम से नदी में गिरना। ध्यातव्य है कि अकेले वाराणसी में ही बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगने के बाद भी सीवेज का केवल एक तिहाई हिस्सा ही साफ हो पाता है। बाकी सारा गंदा पानी गंगा में मिल जाता है। लिहाजा, गंगा में औद्योगिक अपशिष्टों के अप्रबंधित एवं अनियोजित प्रवाह के कारण इसके जल की शुद्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जल में घुले ये औद्योगिक अपशिष्ट नदियों के जल का उपयोग करने वाले सभी जीवों के लिए भी हानिकारक हैं। मालूम हो कि देशभर के पेपर मिल्स, स्टील प्लांट्स, टेक्सटाइल, चमड़ा उद्योग समेत चीनी उद्योगों से भी काफी मात्रा में अपशिष्ट पदार्थों को नदियों में ही प्रवाहित किया जाता है। ऐसे में सोचने वाली बात है कि नदियां स्वच्छ कैसे होंगी बहरहाल, पिछले दिनों एनजीटी यानी राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल इस बात को लेकर कई बार नाराजगी भी जता चुका है कि स्वच्छ गंगा परियोजना के बावजूद 50 प्रतिशत गंदा पानी गंगा में बिना ट्रीटमेंट यानी शोधित किए हुए ही बढ़ाया जा सके। इस बात को नकारा नहीं जा सकता है कि नमामि गंगे के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराने से गंगा के शुद्धिकरण के लिए व्यापक स्तर पर आगे बढ़ने में मदद मिली है, परंतु प्रशासनिक भ्रष्टाचार तथा नियमित निगरानी के अभाव में गंगा अभी तक स्वच्छ नहीं हो सकी है। सामाजिक कुप्रथाएं : नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वैसे तो हमारे यहां प्राचीन काल से ही अनेक पर्व-त्योहारों की परंपरा रही है और इस कारण नदियों को साफ रखने में मदद भी मिली है, परंतु कुछ सामाजिक कुप्रथाएं भी गंगा नदी में प्रदूषण को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रही हैं। जैसे नदी किनारे शवों का अंतिम संस्कार एवं आंशिक रूप से जले हुए शव को नदी में बहा देना नदियों की सफाई के लिहाज से एक हानिकारक प्रथा है। इससे जल की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। सोचना यह भी होगा कि क्या केवल सरकारी प्रयास ही क्लीन गंगा मिशन के लिए पर्याप्त होगा? नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने की बात तो सभी करते है, लेकिन इसके लिए प्रयास कुछ ही लोग करते हैं। इन दिनों देशभर में दुर्गा पूजा का उत्सव चल रहा है। कुछ दिनों बाद इन सभी मूर्तियों और फूलों समेत तमाम पूजा सामग्रियों को नदी में प्रवाहित कर दिया जाएगा। अब सवाल उठता है कि एक ओर हम स्वच्छता की शपथ लेते हैं और दूसरी ओर स्वयं प्रदूषण का कारण बनते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि गंगा तट देवभूमि होती है। यदि यहां शवदाह सरोकार नहीं है। कोई नागरिक अपने कर्तव्यों को भूलकर केवल सरकार को कोसता रहे, यह नागरिक समाज का परिचायक नहीं है। प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए अनेक सख्त नियम-कानून बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में गंगा के आसपास चमड़े के सौ से अधिक उद्योगों को बंद किया जा चुका है। लेकिन अभी भी सफाई अभियान को पूरी तरह से सफल बनाने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रही है। सरकार को इस हेतु कड़ा कदम उठाना होगा। क्लीन गंगा मिशन के अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाने के पीछे भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता जैसे कारकों को नकारा नहीं जा सकता। इस मिशन के आरंभ होने के बाद से समय समय पर इसके प्रभावों को आकलन किया जाना चाहिए था। केवल फंड का आडिट या फिर कितना खर्च हुआ इसका आडिट पर्याप्त नहीं। सरकार द्वारा आवंटित फंड का नियमित आडिट होना चाहिए और देखा जाना चाहिए कि जो पैसा खर्च हुआ उसका परिणाम क्या निकला जैसे एक विद्यार्थी का मूल्यांकन करते समय उसे परीक्षा में प्राप्त परिणाम को देखा जाता है, परीक्षा के अंकों को प्राथमिकता दी जाती है, न कि इस बात को कि वह स्कूल कितने दिन गया। इसी प्रकार अगर सभी योजनाओं का इंपैक्ट आडिट किया जाए तो शायद ही कोई योजना असफल हो। इससे पारदर्शिता के साथ ही जवाबदेही भी तय करना आसान हो जाएगा। साथ ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसने में भी सुविधा होगी।

# स्त्री समानता के दर्शन की अनदेखी: ईरान में हिजाब विरोधी

ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं कि वहां तख्तापलट की आशंका तेज हो गई है। यह सब कथित तौर पर नैतिक तौर-तरीके थोपने वाली ईरानी पुलिस की हिरासत में महाशा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुआ। जहां हिजाब विरोधी इस मुहिम को कई देशों में समर्थन मिल रहा है, वहीं भारत का तथाकथित बुद्धिजीवी एवं स्त्री समानता का पैरोकार तबका चुप्पी साधे है। ऐसा इसलिए, क्योंकि वह भलीभांति जानता है कि हिजाब विरोध में दिया गया समर्थन उन्हें हिंदूवादी ठहरा देगा, जो एक बड़े वर्ग के लिए अपशब्द के समान है। इससे भी अधिक उनके राजनीतिक समीकरणों, तुष्टीकरण और अन्य स्वार्थों का भी सवाल है। करवा चौथ को पिछड़ापन घोषित करने वाली जिह्वाएं कुतर्कों की बाढ़ लगा देती हैं और यह सिद्ध करने में जुट जाती हैं कि विश्व में यदि कोई संस्कृति स्त्री समानता की विरोधी है तो वह भारतीय संस्कृति है। अधकचरी जानकारियों को एकत्र करना, धर्म ग्रंथों में उल्लिखित श्लोकों की मनमानी व्याख्या करना और अपने स्वार्थ अनुरूप परिवर्तित कर उन्हें आमजन तक पहुंचाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, परंतु ऐसा क्यों किया गया इस पर कहीं कोई गंभीर चर्चा नहीं की गई। गौरवशाली इतिहास मनुष्य के भीतर आत्मबल को सुदृढ़ करता है। यही आत्मबल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के सुदृढ़ मार्ग प्रशस्त करता है। अगर किसी देश के विकास को बाधित करना




है तो सर्वप्रथम वहां के नागरिकों के आत्मबल को विखंडित करना होगा। यही भारत के साथ भी किया गया। वर्ण व्यवस्था के तार्किक आधार कब जाति व्यवस्था की कठोर और संकीर्ण जकड़न में परिवर्तित हो गए, यह आज भी गंभीर शोध का विषय है। इससे भी अधिक विचारणीय यह है कि जहां मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा के रूप में पूजी जाती हैं, उस संस्कृति में कैसे कोई स्त्री दोयम स्थान रख सकती है वह संस्कृति कैसे स्त्री समानता विरोधी हो सकती है क्या वाकई भारतीय वैदिक संस्कृति स्त्री विरोधी है इस प्रशन के उत्तर में अनेक उदाहरणों को सामने रखकर यह सिद्ध करने को तत्पर विमर्श तुरंत दिख जाएगा, क्योंकि बड़े सुनियोजित तरीके से विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ वेदों को विस्मृत करने एवं करवाने का प्रयास उनके द्वारा होता आया है और अभी भी जारी है। विश्व भर में व्याप्त धर्म-मत-पंथ अपने अनुयायियों को जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं। धर्म विशेष को स्वीकार करने वालों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे धार्मिक ग्रंथों का बिना किसी तर्क के अनुसरण करें। वैदिक संस्कृति इसमें अपवाद है, जहां प्रशन पूछने और उसके निराकरण के मार्ग सर्वदा खुले रहे हैं। अगर धरातल पर विद्‌यमान समस्त धर्मग्रंथों का बिना किसी पूर्वाग्रह के तार्किक विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होगा कि वेदों ने स्त्री को जो स्थान दिया, वह अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलता। उसकी परिधि मां, बेटी और बहू के भीतर नहीं सीमित नहीं की गई, अपितु उसे पुरुषों की भांति सेनानी, सभापति और अर्थप्रदाता माना गया। यजुर्वेद के अध्याय 17 के मंत्र 45 में उल्लेख है कि सभापति को चाहिए कि जैसे युद्ध विद्‌या में पुरुषों को शिक्षित किया जाता है, वैसे ही स्त्रियां भी शिक्षित हों। जैसे वीर पुरुष युद्ध करें, वैसे ही स्त्रियां भी युद्ध करें। इसी वेद के अध्याय 10 के मंत्र 28 में उल्लेख है कि जैसे पुरुष सभी दिशाओं में कीर्ति युक्त वेदों को जानने, धनुर्वेद और अथर्ववेद की विद्‌या में प्रवीण हों, तो उसी भांति स्त्रियां भी हों। स्त्री शिक्षा का समर्थन, पुरुषों के बहुविवाह को उचित न समझने वाले वेद स्त्री वैधव्य के कटु आलोचक थे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी साप्ताहिक



## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का हेलीकाप्टर क्रैश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम इलाके में एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हादसे में सेना के 2 अधिकारियों समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इस हादसे की जानकारी पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेस पब्लिक रिलेशन ने दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा फ्लाइंग मिशन के दौरान हुआ है। यह हेलिकॉप्टर बलूचिस्तान के हरनाई के पास रविवार को क्षतिग्रस्त हुआ है। अभी तक इस क्रैश के कारणों की जानकारी नहीं मिली है।गौरतलब है कि बलूचिस्तान में इसी तरह की घटना अगस्त में



हुई थी जब पाकिस्तान सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में भी एक लेफ्टिनेंट जनरल सहित सभी 6 कमियों की मौत हो गई थी। सेना के मुताबिक, यह हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ था। पाकिस्तान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने जताया दुख पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, बलूचिस्तान में हुई दुर्घटना से दुखी हूं, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ है।

### विदेश व्यापार नीति को सरकार ने अगले 6 महीने के लिए बढ़ाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने मौजूदा विदेश व्यापार नीति (2015-20)) को मार्च 2023 तक बढ़ाने का फैसला किया है। मौजूदा विदेश व्यापार नीति 30 सितंबर को समाप्त होनी थी। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव, अमित यादव ने कहा कि इंडस्ट्री एसोसिएशन और एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की ओर से इस पालिसी को बढ़ाने और कोई नई पालिसी न लाने की मांग की गई थी। सरकार की ओर से कहा गया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और वर्तमान चुनौतियों को देखकर लगा रहा है कि इस समय कोई भी नई पालिसी लाना ठीक नहीं रहेगा। इस कारण सरकार नई पालिसी को अलगे वित्त वर्ष के दौरान ही लाएगी। इससे पहले सरकार की ओर से ऐलान किया गया था कि इस महीने के अंत तक सरकार एक नई पालिसी लाने वाली है। मौजूदा समय में रूस- यूक्रेन के बीच युद्ध और महंगाई के चलते दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में इजाफा होने के कारण वैश्विक अस्थिरता बनी हुई है।

# सांसद के जन्मदिन पर नोएडा मे हुआ वृक्षारोपण




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जी के 63वें जन्मदिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर फलदार 63 वृक्ष लगाये। ये वृक्षारोपण सेक्टर 91 के निकट मेट्रो स्टेशन के पास जगह पर हुआ। इस मौके सभी लोगों ने सांसद जी को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी लम्बी उम्र कि कामना करी। क्कार्यक्रम में जिला महामंत्री उमेश त्यागी, विनोद शर्मा, डिम्पल आनंद, महेश आवना, गिरीश कोटनाला, उमेश यादव, राममेहर कौशिक, शारदा चतुर्वेदी, शिवानी सरद, मधु मेहरा, रवि यादव, मनोज चौहान, राकेश शर्मा, ओम् यादव, राहुल शर्मा आदि कार्यकर्ता रहे।

# सेक्टर 33 शिल्प हाट मे वोकल फार लोकल प्रदर्शनी का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत आज भाजपा ने नॉएडा महानगर में शिल्प हाट सेक्टर 33 पर वोकल फ़ॉर लोकल प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ नॉएडा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विद्यायक पंकज सिंह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की



उपध्यक्षा श्रीमती सुषमा सिंह ने किया। इस प्रदर्शनी में सभी लोकल सामना बनाने वाले विक्रेताओं ने भाग लिया। माननीय संसाद डॉक्टर महेश शर्मा ने इस मौके पर आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है। पूरे विश्व में एक जनपद एक उत्पाद के प्रोडक्ट की तूती बोल रही है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उसके बाद दूसरे कार्यक्रम विविधता में एकता कार्यक्रम का आयोजन जगननथ मंदिर सेक्टर 121 में किया जायेगा। जिसमे राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में रहे। इस कार्यक्रम में उरिया समाज, बिहारी समाज, पंजाबी समाज, उत्तराखंड समाज आदि कई समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया। इस मौके पर सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जहां कई प्रकार के जाति, धर्म, भाषाएं बोलने और रहने वाले लोग रहते हैं। लेकिन फिर भी सभी के दिलों में भारत देश एक समान रूप में बसता है। अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि इसी सोच के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसमें विविधता में एकता प्रदर्शित हो रही है। हम सभी हृदय से भारतवासी हैं, इसलिए सभी धर्म व जाति को हमें एक समान धारा में लेकर चलना है। इन कार्यक्रमों में जिला प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, चंदगिराम यादव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष महेश आवना, मंत्री प्रमोद बहल, मनोज चौहान, लोकेश यादव, अशोक मिश्रा, उमेश यादव रवि यादव, सी बी शर्मा, कल्लू सिंह लोकेश कश्यप, ओम् यादव अनुज चौधरी, गिरजा सिंह, शारदा चतुर्वेदी, अमरीश त्यागी, गोपल गौर, प्रज्ञा पाठक, नवीन मिश्रा मुक्ता नंद शर्मा, धर्मेंद्र चौहान आदि कार्यकर्ता रहे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** भाजपा के हर मंडल के हर बूथ पर सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पं दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मनायी और साथ ही प्रधानमंत्री जी की मन की बात को भी सुना । कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र, जिला और मंडल साथ ही शक्ति केन्द्र (बूथ) संयोजक, बूथ अध्यक्ष के साथ सभी अधिकारी



अपने अपने शक्ति केंद्र पर रहे गनन विकास संस्थान के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त मंत्री नबाब सिंह नागर सेक्टर 22 में रहे, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपध्यक्षा श्रीमती सुषमा सिंह सेक्टर 71 में रहीं, जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता सेक्टर 41 में रहे, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक हर्ष चतुर्वेदी सेक्टर 15 में रहे, क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर सेक्टर 27 में रहे, नॉएडा प्रभारी बसंत त्यागी सेक्टर 31 में रहे, महामंत्री डिम्पल आनंद सेक्टर 56 में रही, चंदगी राम यादव ग्राम चोटपुर में रहे, उमेश त्यागी सेक्टर ग्राम सुल्तानपुर में रहे, गणेश जाटव सेक्टर 53 में रहे, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर सेक्टर 93 में रहे। नवाब सिंह ने कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता,'अंत्योदय'का मार्ग प्रशस्त करने वाले महान चिंतक श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी । आपका जीवन-दर्शन हम सभी के लिए पाथेय है। मनोज गुप्ता ने कहा पंडित जी का आर्थिक दर्शन, समाज को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नीतियां और अंत्योदय का दिखाया मार्ग आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है आज मोदी जी ने भी मन की बात कार्यक्रम में उनको सबसे पहले नमन कर कार्यक्रम की शुरूरत की। आज के कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, सूरज पाल राणा, कल्लू सिंग, लोकेश कश्यप, गोपाल गौर, बबलू यादव, पंकज झा, राम मेहर कौशिक, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, यधवीर चौहान, राकेश शर्मा, गिरिजा सिंह, गिरीश कोटनाला, विनोद शर्मा, अहसान खान, चमन आवना, रवि यादव, प्रमोद बहल, पूनम सिंग, इंद्रजीत जाटव, लोकेश यादव, शिवांश श्रिवास्टव, अमित त्यागी, सुचित्रा कंकड़, नरेश शर्मा, राजीव त्यागी आदि सभी कार्यकर्ता अपने अपने शक्ति केंद्रों पर रहे।

# सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले श्रीरामलीला महोत्सव व श्रीरामलीला मंचन का कल होगा शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित सेक्टर 62 के रामलीला मैदान, सी-57 में कल सायं सात बजे श्रीरामलीला महोत्सव व श्रीरामलीला



मंचन 2022 का शुभारंभ होगा। श्रीरामलीला महोत्सव की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीरामलीला मंचन 26 सितंबर से शुरू होकर 06 अक्टूबर तक आयोजित होगा। गयारह दिवसीय श्रीरामलीला मंचन प्रतिदिन सायं सात बजे से रात्रि गयारह बजे तक आयोजित होगा। दिल्ली के प्रख्यात परेड ग्राउंड रामलीला में लगातार 30 वर्षी से मंचन करने वाली मंडली रघुवंश सांस्कृतिक संस्थान के लगभग पचास कलाकार मुख्य निर्देशक अमितोश पंडित के निर्देशन में लीला मंचन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा 30 सितंबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा सेक्टर -20 स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 2 बजे प्रारम्भ होगी। डीएम चौराहा, टेलीफोन एक्सचेंज, हरौला, सेक्टर 9,10,11,12,22, 55, खोड़ा लेबर चौक से होते हुये सेक्टर 62, रामलीला मैदान में शोभायात्रा का समापन हो जायेगा। 5 अक्टूबर को सायं पांच बजे 90 फिट के रावण, 85 फुट के कुम्भकरण और 80 फ़ीट के मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। साथ ही साथ महंगाई, भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न के पुतलों का भी दहन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि 06 अक्टूबर को भरत मिलाप तथा श्रीराम राज्याभिषेक के साथ ही ग्यारह दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जायेगा।

# भंगेल व्यापार मंडल ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** भंगेल सलारपुर व्यापार मंडल द्वारा सेक्टर 102 स्थित भंगेल में महाराज अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल एवं सपा महासचिव व प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने व्यापारियों के साथ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए व मिष्ठान न् फलों का भोग लगाया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयंती आश्विन मास की प्रतिपदा को मनाया जाता है। कलयुग के प्रारंभ में महाराज अग्रसेन का जन्म हुआ था। इस अवसर पर बबलू चौहान,सतपाल गर्ग, मनोज कंसल, अरविंद गर्ग, शिव कुमार गोयल, अनिल जिंदल, विशाल गर्ग, पुष्पेंद्र बंसल, सुबोध गोयल, गौरव गोयल, प्रशांत गोयल, प्रमोद गुप्ता, राजीव गुप्ता, शिव शंकर गोयल, पंकज त्यागी, व्रजेश त्यागी, ज्ञान, ह्रदेश गोयल, विनोद सिंह, दीपांशु, गौरव गर्ग, मुकुल कंसल, मनोज कंसल सहित तमाम गणमान्य लोग एवं व्यापारी मौजूद रहे।



# 26 से होगी रामलीला प्रारंभ, 70 फिट का होगा रावण का पुतला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 36 वर्षी से नोएडा शहर में नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से रामलीला मंचन एवं




विजय दशमी महोत्सव का आयोजन रामलीला ग्राउंड, नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए, नोएडा में करते आ रहे हैं। श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महासचिव संजय वाली ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन 26 सितंबर से 06 अक्टूबर तक किया जायेगा। जिसमें शहर के सभी गणमान्य नागरिक इस आयोजन में बढ़ चढकर हिस्सा लेते है। इसीलिए इस आयोजन को सफलता प्रदान होती है। इस वर्ष 37 वर्ष के प्रयास करते हुए दिल्ली एवं मुम्बई के प्रसिद्ध टीवी व फिल्मी कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जायेगा। जिसमें दशहरा (05.10.2022) को रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा और अगले दिन 06.10.2022 को भरत मिलाप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस वर्ष की लीला का विश्राम होगा। रामलीला मंचन का शुभारम्भ दिनांक 26.9.2022 को सायं 7 बजे गणेश पूजन के साथ प्रारम्भ होगा जिसमें राम बरात का आयोजन 29.9.2022 को सैक्टर 12 वी व डब्लू ब्राक के सामने शिव मंदिर को किया जायेगा। जिसमें संस्था के मुख्य संरक्षक डा महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार, नोएडा विधायक पकंज सिंह, उ0प्र0 महिला आयोग अध्यक्ष बिमला बाथम, गरिमामयी उपस्थिति डा0 वी एस चैहान, आनन्द चैरसिया, कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील गुप्ता, स्वागत अध्यक्ष पीयूष द्विवेदी, कार्यक्रम संयोजक मधूसुदन दादू उपस्थित रहेगें। संस्था के अध्यक्ष पीएन चौरसिया ने बताया कि हमने प्रशासन द्वारा सभी अनुमतियां प्राप्त कर ली गयी है। मंच की सजावट का कार्य पूर्ण किया जा रहा है सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षाकर्मी, स्वयं सवेक, संस्था के सदस्य/पदाधिकारी सभी व्यवस्थाओं को देखेंगें। पूरे आयोजन के दौरान खाने पीने का फूड स्टॉल, झूला मेला, सर्कस, फायर क्रैकर शो का भी आयोजन किया जायेगा। रामलीला मंचन देखने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग स्टेडियम में आते हैं और विजय दशमी (दशहरा) के दिन वीआईपी अतिथियों, अधिकारी, प्रमुख व्यक्ति सहित समारोह में लाखों की संख्या में नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर पर चेयरमैन डा. टी.एन. गोविल, अध्यक्ष टी. एन. चैरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, महासचिव संजय बाली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार, एसकेएस राणा, सत्यनारायण गोयल, पंकज जिंदल, एन के अग्रवाल, उपाध्यक्ष, मित्रा शर्मा, विपिन बंसल, केषव गंगल, अतुल मित्तल, राजीव गर्ग, लोकेष कष्यप, अनूप षर्मा, यष नागर, पी.के. गुप्ता, राजेष भारद्वाज, अनिल गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग, सचिव विनय शर्मा, सौरभ गोविल, महेन्द्र कटारिया, विकास जैन, पवनदीप , सुन्दर सिंह राणा, महिमा मित्त्ल, आलोक वत्स, प्रवीन बंसल, विपिन मल्हन, योगेन्द्र शर्मा, चन्द्रपाल सिंह प्रमोद रंगा, निखिल गुपत, रोहित श्रीवास्तव, डा.एस.पी. जैन, रामकुमार शर्मा, मोहित ढिंगरा आदि समित के सदस्य उपस्थित रहें।

# श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2022

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम मे श्री सनातन धर्म राम लीला समिति द्वारा गणेश पूजा से प्रारम्भ होकर नारद मोह रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया। एन चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, महासचिव संजय बाली , कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग,विपिन मलहन,पीयूष द्वेदी ,अतुल मित्तल , शुभकरण राणा, रमेश, एन के गुप्ता,महेंद्र कटारिया, राजेश भारद्वाज,रोहित श्रीवास्तव, पवन सिंह सुंदर सिंह राणा,डॉक्टर वी के गुप्ता,, राजीव गर्ग,राहुल बाली,लोकेश कश्यप, प्रमोद



इस कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा (पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) एवम् विधायक पंकज सिंह, उत्तरप्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्री मती बिमला बाथम, समिति के चेयरमैन टी एन गोविल ,अध्यक्ष टी अग्रवाल ,अनिल गुप्ता ,मित्रा शर्मा , केशव गंगल , राम कुमार शर्मा, राजीव गर्ग,पी के अग्रवाल , विनय शर्मा, राजेश भारद्वाज,संजय गुप्ता,सत्यनारायण गोयल, तरुण राज ,प्रदीप अग्रवाल, अनुज रंगा,चंद्रपाल सिंह,,पुनीत शुक्ला,अमित अग्रवाल,मुकेश सिंह,लक्ष्मी नारायण,अमित अवाना,सुनील कुमार,तरुण अरोरा,आशीष, द्वेदी, एवम् शहर के काफी गणमान्य लोग उपस्तिथि थे।

# बड़े भाई की तरह महेन्द्र की करूंगा सहायता- डॉ0 संदीप सरावगी

(आधुनिक समाचार सेवा)
झाँसी। पिता का साया बचपन में ही सर से उठ गया था, माँ ने किसी तरह महेन्द्र को पाला लेकिन कोरोना बीमारी के चलते 2 वर्ष पूर्व माँ भी काल के गाल में समा गई। अब के मौसम में घर की हालत भी जर्जर हो रही है। बरुआसागर में जनता के बीच असहायों को खोज रही संघर्ष सेवा समिति की टीम ने महेंद्र को खोज निकाला, सारी समस्यायें विस्तार से सुनी गई उनके निराकरण महेन्द्र के सिर से मां बाप का साया तो उठ गया लेकिन बड़े भाई के रूप में मैं हमेशा उसके साथ खड़ा रहूँगा। हम महेंद्र को बेहतर रोजगार दिलाने का भी प्रयास कर रहे हैं साथ ही उसके घर के जीर्णोद्धार के लिए भी



अकेला बचा महेंद्र अपने जीवन यापन के लिए दुकान पर काम करने लगा साथ ही शिक्षा भी ग्रहण कर रहा था लेकिन आंखों में हुई समस्या आड़े आ रही थी महेंद्र को एक आंख से कम दिखाई देता है और दूसरी आंख में रोशनी नहीं है। जैसे तैसे जीवन कट रहा था किसी तरह पैसा इकट्ठा कर महेंद्र ने आंखों का इलाज शुरू करवाया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में 27 सितंबर ऑपरेशन की डेट भी मिल गई लेकिन महेंद्र के पास आने जाने और रुकने के लिए पैसे की व्यवस्था नहीं थी ऊपर से बरसात में सहायता देने की बात भी रखी गई आज महेन्द्र संघर्ष सेवा समिति टीम के साथ झोकन बाग स्थित कार्यालय पहुँचा। जहाँ महेंद्र ने पूरी समस्या समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी के सामने रखी तात्कालिक सहायता के रूप में महेंद्र को कुछ धनराशि प्रदान की गई जिससे वह एम्स जाकर अपना इलाज शुरू करा सके साथ ही महेंद्र को आश्वासन दिया गया जब वह अपना इलाज करा कर लौटेगा तब बाकी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की जाएगी और उन्हें उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। संदीप सरावगी ने कहा हर संभव सहायता करेंगे। इस भावुक पल में महेंद्र की आंखें नम हो गई और उसने भी संघर्ष सेवा समिति के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए समाजसेवा का वादा किया। संघर्ष सेवा समिति की पूरी टीम ने उसे सफल ऑपरेशन और सुरक्षित यात्रा हेतु शुभकामनायें दीं। इस दौरान शमीम राइन, उस्मान खान एवं संघर्ष सेवा समिति से विवेक वर्मा, ओ0पी0 यादव, राजू सेन, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मनीष शुक्ला की मौत पर निष्पक्ष जांच हुई तो अपराधी होंगे पुलिस की मुट्ठी में: रामनिवास उरमलिया ने उठाई सी बी आई जांच की मांग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कहा है कि श्रमिक नेता मनीष शुक्ला के साथ हुए प्राणघातक हमले और उसके बाद हुई मौत के जिम्मेदारों तक पहुंचने में पुलिस को तब कोई दिक्कत नहीं होगी जब उसे सफेद पोसो के दबाव से मुक्त रखा जाए,क्योंकि निष्पक्ष जांच में यही एक अडंगा होता है जिससे न्याय भटकता है और अन्याय के हौसले बुलंद हो जाते हैं। प्रायः देखा जाता है कि पुलिस को किसी गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच करने पर राजनीति आड़े आती है तब न्याय की आशा नहीं रह जाती। श्री उरमलिया ने आगे कहा कि यह तो स्वभाविक बात होती है कि जब इस तरह की कोई घटना होगी तो पीडित परिवार और क्षेत्रीय लोग न्याय की मांग करने जिम्मेदारों के पास पहुंचेंगे लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन को इतनी भारी तादाद में पुलिस बल बुलाने की क्या जरूरत थी उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे घटनाक्रम को देखकर ऐसा लगता है कि श्रमिक नेता के साथ किए गए का घातक हमले का कूट रचित और पूर्व नियोजित षड्यंत्र रहा है जिसमें कई बड़े लोगों का हाथ हो सकता है अतःउक्त घटना की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए तभी रहस्य से पर्दा उठेगा। कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने कहा कि बात कहने की नहीं है कि दिवंगत श्रमिक नेता कथित सीमेंट प्रबंधन में कार्यरत मजदूरों के



नेतृत्वकर्ता रहे हैं लिहाजा उक्त प्रबंधन और उसके दलालों का दिवंगत श्रमिक नेता से विरोधाभास रहा है । ऐसी विवादास्पद स्थिति के चलते ही श्रमिक नेता के ऊपर प्राणघातक हमला हो जाता है और यही उनकी मौत का कारण भी बनता है,तब कथित सीमेंट प्रबंधन और उसकी चरण चपटी करने वाले दलालों पर शक की सुई घूमना लाजिमी है। कांग्रेस नेता श्री उरमलिया भोपाल से चलकर रात करीब दस बजे केजेएस सीमेंट पहुंचे जहां पर दिवंगत श्रमिक नेता मनीष शुक्ला का शव रखकर मृतक के परिजन एवं हजारों की तादात में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहकर प्रशासन व सीमेंट प्रबंधन से घटना की न्यायोचित जांच व आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग कर रहे थे। दिन भर चले संवाद के बावजूद भी मृतक को न्याय नहीं मिल पाया। आखिरकार मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने पीडित पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए प्रशासनिक अमले और कथित सीमेंट प्रबंधन के अधिकारियों से बातचीत की। प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को तीस लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने, तथा मृतक की पत्नी को सात हजार दो सौ रूपये मासिक राशि दिए जाने के साथ ही मृतक के दो अबोध बच्चों के शिक्षा दीक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी आदि शर्तीं की बात कथित प्रबंधन ने स्वीकार की । हालांकि कांग्रेस नेता श्री उरमलिया प्रबंधन के इस निर्णय से संतुष्ट नहीं थे लिहाजा एक करोड़ की राशि दिए जाने की मांग पर अड़े रहे, लेकिन प्रशासन द्वारा आरोपियों की तलाश कर सख्त कार्यवाही किए जाने के आश्वासन तथा क्षेत्रीय जनों के अनुरोध पर उनके तेवर मे नरमी आई।

# नमन ओझा ने शतक लगाकर किया अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडिया लीजेंड्स ने शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम रायपुर में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 33 रनों से हराकर लगातार दूसरी



बार के खिताब पर कब्जा कर लिया है। इंडिया लीजेंड्स की तरफ से इस मैच में जीत के हीरो रहे विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ओझा जिन्होंने 71 गेंदों पर 108 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 15 चौके और 2 छक्के लगाए। उनकी पारी का ही नतीजा था कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया लीजेंड्स ने 6 विकेट खोकर 195 रन बनाए और फिर श्रीलंका लीजेंड्स की टीम को 162 रनों पर ढेर कर दिया। ह19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर नमन ओझा ने अपनी सेंचुरी पूरी की। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद इसे ड्रेसिंग रूम की तरफ झुक कर अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट किया। डग आउट में बैठे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने नमन की इस पारी पर थंपिंग का इशारा कर उनकी पारी की सराहना की। ओझा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी 90 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी और इस मैच में भी जब शुरुआती 2 विकेट जल्दी गंवाने के बाद इंडिया लीजेंड्स की टीम संघर्ष कर रही थी तो नमन ओझा ने मोर्चा संभाला और शतकीय पारी खेल कर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका लीजेंड्स की टीम 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और केवल 162 रन बनाकर 18.5 ओवर में ऑल आउट हो गई और इंडिया लीजेंड्स ने लगातार दूसरी बार इस खिताब पर कब्जा कर लिया। इंडिया लीजेंड्स की तरफ से गेंदबाजी में विनय कुमार ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए जबकि अभिमन्यू मिथुन ने 2 विकेट झटके। विनय कुमार ने बल्लेबाजी में भी 36 रनों का योगदान दिया था।

## क्रिस गेल ने वीरेंद्र सहवाग को को 20 साल पहले खेले गए मैच की याद दिलाइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ठीक 20 साल पहले वीरेंद्र सहवाग और क्रिस गेल जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में अपने-अपने देशों के लिए वनडे मैच में खेले थे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए जोधपुर पहुंचे गेल ने कहा कि उन्हें वह मैच आज भी याद है, लेकिन सहवाग भूल गए थे, लिहाजा उन्होंने सहवाग को उसकी याद दिलाई। लीजेंड्स लीग क्रिकेट में गुजरात जायंट्स के लिए खेल रहे क्रिस गेल इससे पहले भी जोधपुर में खेल चुके हैं। साल 2002 में यहां के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे मैच खेला गया था। क्रिस गेल उस समय 23 साल के थे और तब भी वह पारी की शुरुआत करते थे। 20 साल पहले की अपनी पारी को क्रिस गेल ने याद किया, जिसमें उन्होंने 38 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 27 रन बनाए थे। गेल ने कहा कि 20 साल बहुत लंबा समय होता है और सहवाग को तो याद भी नहीं था। हम इस बारे में बात कर रहे थे और फिर हमने गूगल करके स्कोर कार्ड देखा



और वह लो स्कोरिंग मैच था। भारत ने वह मैच जीता, लेकिन असल में वह मैच हमारे लिए काफी रोमांचक हो गया क्योंकि उसकी यादों की परछाई में दोबारा इस शहर में खेल रहे हैं। क्रिस गेल ने कहा कि समय किस तरह करवट लेता है, यह देखने वाली बात है क्योंकि इस मैदान पर 20 साल बाद आकर दोबारा खेलना बहुत रोचक और रोमांचक है। गेल ने कहा कि मुझे 2002 की वह सीरीज याद है। जोधपुर में हम हारे थे और सीरीज 3-3 से बराबर हुई थी लेकिन बाद में हमने सीरीज जीत ली थी। ये बातें समय के साथ जेहन में कहीं दब जाती हैं लेकिन यहां आकर हर एक बात मेरे जेहन में दोबारा आ गई। कुछ बातें ऐसी होती हैं तो अमित होती हैं और समय के साथ भी आप उसे नहीं भूल पाते हैं।

# टीम इंडिया के पास है सीरीज जीतने का मौका, कब और कहां देखें मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पास साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार अपने घर में टी20 सीरीज जीतने का मौका है। टीम ने पहला टी20 जिस अंदाज से अपने पक्ष में किया था उसको देखते हुए यह उतना मुश्किल नहीं लगता





है। लेकिन साउथ अफ्रीका की टीम भी वापसी करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी और नेट सेशन में उनकी मेहनत ने यह संकेत भी दे दिया कि वह वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जसप्रीत बुमराह के स्थान पर मोहम्मद सिराज को शामिल कर लिया गया है लेकिन अंतिम ग्यारह में उन्हें मौका मिलता है कि नहीं यह देखना दिलचस्प होगा क्योंकि पिछले मैच में दीपक चाहर और अर्शदीप की जोड़ी ने कमाल की गेंदबाजी की थी। दोनों ने मिलकर 3 ओवर के अंदर साउथ अफ्रीका की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था। लेकिन रनों से भरी इस पिच में एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। यदि आप भी इस महत्वपूर्ण मैच का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों के बारे में जान लेते हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह दूसरा टी20 मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इस दूसरे टी20 मैच का टॉस भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इस दूसरे टी20 मैच का टॉस शाम 6.30 बजे होगा। कहां देख सकते है भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह दूसरा टी20 मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह दूसरा टी20 मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग आप हॉटस्टार ऐप पर देख सकते हैं। यदि आप इस मैच का आनंद फ्री में लेना चाहते हैं तो आप डीडी फ्री डिश के स्पोर्ट्स चैनल पर ऐसा कर सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी तमाम खबरों को आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं।

## पाकिस्तानी बल्लेबाज हैदर अली अस्पताल में भर्ती ड्रेसिंग रूम में आया चक्कर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लाहौर ।** पाकिस्तान के क्रिकेटर हैदर अली को इंग्लैंड के विरुद्ध छठे टी-20 मैच के दौरान वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल खिलाडियों में हैदर अली दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें इस सीरीज के दौरान अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इससे पहले तेज गेंदबाज



नसीम शाह भी बीमार पड़ गए थे। अली ने 14 गेंदों पर 18 रन बनाए, लेकिन मध्य क्रम के इस बल्लेबाज को ड्रेसिंग रूम में चक्कर आ गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तेज गेंदबाज शाह ने निमोनिया होने के कारण लाहौर के स्थानीय अस्पताल में दो दिन बिताए। कोविड-19 के लिए किया गया उनका परीक्षण पाजिटिव आया था जिसके कारण वह सात मैचों की सीरीज के आखिरी दो मैचों से बाहर हो गए। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच छठे मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान ने 6 विकेट पर 169 रन बनाए। बाबर आजम ने 87 रन तो बनाए लेकिन इसके लिए 59 गेंदों का सामना कर लिया। बता दें कि इस पारी के दौरान बाबर आजम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 3000 रन भी पूरे कर लिए। पाकिस्तान और इंग्लैं के बीच 7 मैचों की सीरीज का छठा टी20 इंटरनेशनल मैच शुक्रवार को लाहौर में खेला गया। पावर्प्ले की आखिरी गेंद पर हैदर अली ने एक ऐसा पुल शॉट मारा जिसकी चपेट में अंपायर अली डार आ गए। दरअसल छठे ओवर में रिचर्ड ग्लीसन की आखिरी गेंद पर हैदर अली ने एक पुल शॉट मारा जो सीधे लेग अंपायर अलीम डार के शरीर से जाकर टकरा गई। गनीमत है कि गेंद अंपायर के सिर पर नहीं लगी और अलीम डार ने अंपायरिंग करना जारी रखा। इस वीडियो को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया है।

# मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम और क्या कहती है पिच रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर चुकी टीम इंडिया के पास पहली बार अपने घर पर सीरीज जीतने का मौका है। बारसापारा के जिस स्टेडियम पर यह



मैच हो रहा है यह इस वेन्यू का तीसरा मैच है। जनवरी 2022 के बाद यहां कोई टी20मैच हो रहा है। पिछला मैच भी यहां बिना एक भी गेंद किए बारिश की भेंट चढ़ गया था। हालांकि मैच से एक दिन पहले का मौसम यहां इतना गर्म था कि कोच राहुल द्रविड़ को कहना पड़ा कि हम लकी हैं कि मैच शाम में हो रहा है। टीम इंडिया की बात करें तो पिछले मैच में रोहित और कोहली जल्दी आउट हो गए थे जबकि सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेल कर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई थी। गेंदबाजी में अर्शदीप और दीपक चाहर की जोड़ी ने नई गेंद से कमाल की गेंदबाजी की थी। साउथ अफ्रीका की टीम पहले मैच में हर विभाग में फेल साबित हुई थी लेकिन ये टीम वापसी के लिए जानी जाती है और यहां भी ऐसा कर सकती है। गुवाहाटी के मौसम की बात करें तो मैच के दिन बारिश का अनुमान है। दिन में यहां का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस जबकि रात में 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिन में बारिश की संभावना 41 प्रतिशत जबकि रात में 80 प्रतिशत बारिश की संभावना है। ऐसे में यदि मैच में बाधा आती है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। इस मैदान के आंकड़े बताते हैं कि यहां ज्यादा रन नहीं बने हैं। पिछली बार जब इस मैदान पर मैच हुआ था तब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिय केवल 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जेसन बेहरनडॉर्फ ने 4 विकेट झटके थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीत लिया था। पिच की बात करें तो पिछले मैच की तरह यहां भी नई गेंद से गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए शुरुआती क्षणों में संभलकर खेलना होगा।

## सचिन व रैना हुए फेल तो नमन ने दिखाया दम और शतक लगाकर श्रीलंका की कर दी बोलती बंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी20 2022 के फाइनल मैच में इंडिया लीजेंड्स ने श्रीलंका लीजेंड्स के खिलाफ नमन ओझा की सेंचुरी की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 195 रन का स्कोर खड़ा किया। इस



मैच में नमन की ये पारी तब सामने आई जब टीम कप्तान सचिन तेंदुलकर गोल्डन डक पर आउट हो गए तो वहीं सुरेश रैना सिर्फ 4 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे। भारत को दो विकेट सिर्फ 19 रन पर गिर गए थे, लेकिन इसके बाद ओपनर बल्लेबाज नमन ओझा ने मोर्चा संभाला और नाबाद शतक लगाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक ले गए। नमन ओझा की इस पारी के दम पर ही इंडिया लीजेंड्स ने श्रीलंका लीजेंड्स को हरा दिया और रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी20 2022 का टाइटल अपने नाम कर दिया। सचिन व रैना के जल्दी आउट होने के बाद नमन ओझा एक छोर पर टिक गए और टीम के लिए ना सिर्फ बेहतरीन बल्लेबाजी की बल्कि नाबाद शतकीय पारी भी खेल दी और बिना आउट हुए पवेलियन लौटे। उन्होंने 71 गेंदों पर 2 छक्के व 15 चौकों की मदद से नाबाद 108 रन बनाए। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए विनय कुमार के साथ 90 रन की साझेदारी की। इसके बाद विनय कुमार के रूप में इंडिया का तीसरा विकेट गिरा और वो 36 रन पर आउट हो गए। इसके बाद नमन ने युवराज सिंह के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। युवराज सिंह ने टीम के लिए 13 गेंदों पर एक छक्का व 2 चौकों की मदद से 19 रन बनाए और आउट हो गए। इसके बाद इरफान पठान ने 11 रन की पारी खेली जबकि यूसुफ पठान जीरो पर आउट हो गए। स्टुअर्ट बिनने 2 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 8 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की तरफ से कुलसेकरा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए जबकि उडाना ने दो और इशान ने एक विकेट लिए। इस मैच में इंडिया लीजेंड्स के कप्तान सचिन तेंदुलकर ने टास जीतने के बाद बल्लेबाजी का फैसला किया था। श्रीलंका की टीम को जीत के लिए 196 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम इस लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। इस टीम की तरफ से दिलशान मुनावीरा ने 8 रन, सनथ जयसूर्या ने 5 रन, तिलकरत्ने दिलशान ने 11 रन, उपुल थरंगा वे 10 रन, असेला गुणारत्ने ने 19 रन, जीवन मेंडिस ने 20 रन की पारी खेली। वहीं इशान ने 22 गेंदों पर 51 रन की तेज पारी खेली, लेकिन ये टीम जीत नहीं पाई। श्रीलंका की टीम ने 18.5 ओवर में 162 रन बनाए और उसे 33 रन से हार मिली और इसके साथ ही सचिन की कप्तानी में इंडिया लीजेंड्स ने खिताब अपने नाम कर लिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में विनय कुमार ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

# राशीफल

**मेष-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-:**आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-:**आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-:**आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-:**आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-:**नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-:**यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-:**आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-:** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-:**आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-:**आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-:**आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

## ऋषभ पंत ने जब बच्चों से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका का बेच तीन मैचों का टी20 मुकाबला खेला जा रहा है। बता दें कि पहले मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हरा दिया है। 2 अक्टूबर को गुवाहाटी बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टी20 मैच खेला जाएगा। ऋषभ पंत जैसे विस्फोटक बल्लेबाज के टीम में होने भारतीय मध्यमक्रम बल्लेबाजी



को मजबूत मिलती है। वहीं, दिनेश कार्तिक अनुभवी बल्लेबाज भी इस समय टीम में मौजूद हैं। इस समय टीम इंडिया जीत की लय को बरकरार रखते हुए आगामी वर्ल्ड कप 2022 में प्रवेश करना चाहती है।बात करें ऋषभ पंत की तो उनका व्यहार मैदान के अंदर और मैदान के बाहर एक जैसा ही रहता है। उनके चेहरे से हमेशा खुशी झलकती है। यही बात ऋषभ को दूसरे खिलाडियों से अलग बनाती है। इस समय भारत के कई युवा क्रिकेटर्स ऋषभ पंत को अपना आदर्श मानते हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले से पहले ऋषभ पंत ने कई क्रिकेट फैंस से मुलाकात की। मुलाकात करते समय उन्होंने फैंस को ऑटोग्राफ और सेल्फी दी। ऋषभ पंत के इस अंदाज ने सोशल पर यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया किस प्लेइंग 11 के साथ उतरेगी राहुल द्रविड ने दी अहम जानकारी





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 अक्टूबर को दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होने वाली है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी एक बार फिर उभर आई है। गौरतलब है कि टी20 वर्ल्ड कप से बुमराह के बाहर होने पर आधिकारिक तौर पर बीसीसीआइ द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले दूसरे टी20 मुकाबले से पहले भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड ने प्रेस कॉफ्रेंस के दैरान आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर कुछ अहम बातें कही है। उन्होंने कहा, 'चोट जैसी घटनाएं खेल का एक हिस्सा है।' हालांकि राहुल द्रविड इस बात को लेकर आस्वस्त हैं कि टीम मैनेजमेंट ने एक बेहतरीन टीम तैयार की है, जिनके पास शानदार प्रतिभा है। राहुल द्रविड ने कहा कि हमारा माइंडसेट इस बात को लेकर बिल्कुल साफ है कि हम आगामी वर्ल्ड कप में किस टीम कॉम्बिनेशन के साथ उतरेंगे या हमारा प्लेइंग 11 क्या होने वाला है। उन्होंने कहा कि आप ज्यादा दिन पहले प्लेइंग 11 चुनकर नहीं रखना चाहते। द्रविड ने आगे कहा कि हम इस बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं कि हमें टीम में कैसे खिलाडि़यों की जरूरत है। राहुल द्रविड ने आगे कहा कि आगामी टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर हमनें काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाजों और गेंदबाजों को टीम में शामिल किया है। मैं ज्यादा विस्तार में नहीं जाना चाहता। मुझे लगता है कि हमारे पास एक अच्छी टीम है। द्रविड ने आगे कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में हम पांच अलग-अलग स्टेडियम में मैच खेलेंगे। इसलिए जरूरी है कि टीम में अलग-अलग तरह के खिलाड़ी मौजूद हों। हमें विपक्षी टीमों के मद्देनजर प्लेइंग 11 में बदवाल करने की जरूरत होगी।

# साउथ के आगे एक बार फिर बॉलीवुड पस्त 'विक्रम वेधा' को मात दे आगे बढ़ी 'पीएस-1'

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म विक्रम वेधा सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। फिल्म को लेकर जितनी चर्चाएं थी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म पहले दिन का बॉक्स ऑफिस पर नेट कलेक्शन 10 करोड़ के आसपास रहा, जो लाल सिंह चड्ढा, बच्चन पांडे और सम्राट पृथ्वीराज के ओपनिंग कलेक्शन से भी कम है। विक्रम वेधा को 4000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया। ऐसे करोड़ हो गया है। भारत में विक्रम वेधा के दो दिनों का नेट कलेक्शन कुछ इस तरह है विक्रम वेधा के साथ ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म पोनिनयिन सेल्वन-1 (पीएस-1) भी रिलीज हुई है, जिसे तमिल के मशहूर निर्देशक






उतना कमाल नहीं दिखा पा रही है। रिलीज के साथ ही विक्रम वेधा ने पहले दिन धीमी शुरुआत की और अब फिल्म के दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया, जो फिल्म की कमाई में कुछ खास इजाफा नहीं दिखा रहा है। इस साल अब तक आमिर खान और अक्षय कुमार समेत कई बड़े स्टार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिट चुकी है, लेकिन ऋतिक रोशन की फिल्म इनसे भी मुकाबले करने में असफल रही है। विक्रम वेधा के में फिल्म को कमाई में बढ़त बनाने में थोड़ा समय लग सकता है। फिल्म के दूसरे दिन यानी 1 अक्टूबर की बात करें को विक्रम वेधा के कलेक्शन में कुछ खास इजाफा देखने को नहीं मिला। बॉक्स ऑफिस ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, विक्रम वेधा की कमाई में दूसरे दिन 25 की बढ़ोत्तरी हुई और इसके साथ ही फिल्म का नेट कलेक्शन 12.50 से 12.75 करोड़ के बीच का रहा। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 22.75 मणि रतन्म ने डायरेक्ट की है। फिल्म ने हिंदी बेल्ट में तो धीमी शुरुआत की, लेकिन साउथ में पहले दिन ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और वर्ल्डवाइड 78 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया। इसके साथ ही ऐतिहासिक ड्रामा पर आधारित पीएस-1 जल्द 100 करोड़ क्लब में भी एंट्री कर सकती है। रविवार को वीकेंड और गांधी जयंती होने के साथ ही फिल्म ने अगर अच्छा कलेक्शन किया तो विक्रम वेधा से उम्मीद लगाई जा सकती हैं।

# पहले दिन ही घर में एक ऐसी चीज लेकर पहुंची ये कंटेस्टेंट, देखकर सलमान खान भी रह गए हैरान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। सलमान खान के इस कंटोवर्सिअल शो में कई चर्चित और कई विवादित कंटेस्टेंट ने हिस्सा ले लिया है। एक बार फिर से बिग बॉस का घर पूरी तरह से अखाड़ा बनने के लिए तैयार है। शो में हर बार की तरह ही प्यार, टकरार, रोमांस और सबसे बड़ा कंटेस्टेंट के बीच घमासान युद्ध देखने के लिए दर्शकों ने कमर कस लिया है। इस सीजन में कोई न कोई एक कंटेस्टेंट शो में ऐसा आता है जो एंट्री के साथ ही दर्शकों का ध्यान खींच लेता है। इस बार भी एक ऐसी ही कंटेस्टेंट ने अपने अनूठे अंदाज में एंट्री मारी है। ये कोई और नहीं बल्कि अर्चना गौतम हैं, जिन्होंने शो में आते ही धमाल मचाना भी शुरू कर दिया है। बिग बॉस कंटेस्टेंट अर्चना गौतम के नाम से आप भी अच्छे से वाकिफ होंगे। अर्चना ने इसी साल एमएलए का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन वो जीत नहीं पाई थीं। बता दें कि शो में अर्चना सिल बट्टा लेकर पहुंचीं, जिसे देखकर सलमान खान ही नहीं बल्कि हर कोई दंग रह गया। बता दें कि अर्चना का ऐसा मानना है कि वो चटनी बहुत अच्छा बनाती है। इसलिए वो शो में अपने साथ सिल बट्टा लेकर पहुंची।



# चित्रांगदा सिंह का कातिलाना फोटोशूट देख फैंस ने कर दिया प्रपोज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** चित्रांगदा सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 7 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्होंने डीप नेक थाई हाई स्लिट गाउन पहन रखा है। यह कपड़े स्किन टाइट होने की वजह से वह काफी बोल्ड और हॉट लग रही है। पहली तस्वीर में वह साइड पोज में खड़ी है। उन्होंने हाई हील्स पहन रखी हैं और वह कैमरे की ओर देख रही है। दूसरी तस्वीर में वह अलग अंदाज में कैमरे की ओर देख रही है। इसमें उनका स्लिम और हॉट फिगर भी नजर आ रहा है। तीसरी फोटो में वह कैमरे की ओर देखकर स्माइल कर रही है। चौथी फोटो में वह झुककर पोज दे रही है। पांचवी फोटो में वह कमर पर हाथ रखकर कैमरे की ओर देखते हुए पोज दे रही हैं। छठवीं फोटो में उनके दोनों हाथ कमर पर हैं और गर्दन टेढ़ी है। सातवीं फोटो में चित्रांगदा सिंह और भी हॉट लग रही हैं। चित्रांगदा सिंह ने मेकअप कर रखा है। उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है और वह काफी खूबसूरत लग रही है। तस्वीरें शेयर करते हुए चित्रांगदा सिंह ने लिखा है, 'सोना पहनिये, कुछ कपड़ों पर कुछ दिल में।' इसके अलावा उन्होंने इसे कई लोगों को टैग भी किया है। चित्रांगदा सिंह की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 51000 से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 319 कमेंट किए है। कई लोगों ने स्टनिंग, सोनपरी, बेबी गर्ल, हॉट एंड बोल्ड, प्योर गोल्ड, ब्यूटीफुल, आपके परिवार वालों से शादी के बारे में बात करना चाहता हूं जैसे कमेंट किए हैं। चित्रांगदा सिंह फिल्म एक्ट्रेस है। वह हाल ही में बॉब विश्वास में नजर आई थी। इस फिल्म में उनके अलावा अभिषेक बच्चन की अहम भूमिका थी।



# एकता कपूर ने इन वेब सीरीज में की और भी 'गंदी बात'

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर एकछत्र राज करने वाली एकता कपूर और उनकी मां पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। उनकी वेब सीरीज के सीन्स पर काफी समय से विवाद चल रहा है। इसी मामले में बिहार के बेगूसराय कोर्ट में एकता कपूर और शोभा कपूर के खिलाफ पिछले साल केस दर्ज लोगों को ऐतराज है। आपको बता दें कि एकता कपूर का ओटीटी प्लेटफॉर्म ऑल्ट बालाजी ऐसे बोल्ड कंटेंट से भरा पड़ा है जिन्हें घर के कोने में इयरफोन लगा कर ही देखा जा सकता है। गलती से भी अगर परिवार के सामने यह सीरीज प्ले हो गए तो आपको शर्मिंदा होना पक्का है। तो आइए जानते हैं यह कौन से वेब दिखाया गया कि जब फैजी सरहद पर अपनी ड्यूटी कर रहा होता है तो उसके पीछे पतनी दूसरे के साथ कैसे रोमांस करती है। एकता कपूर की वेब सीरीज बेकाबू भी काफी बोल्ड है। इस सीरीज में राजीव सिद्धार्थ और प्रिया बनर्जी नजर आए थे। यह एक मर्डर मिस्ट्री पर बेस्ड है जिसमें काफी सारे हॉट सीन्स



कराया गया था। अब इसे लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। दरअसल, ट्रिपल एक्स वेब सीरीज के सीजन 2 में एक सैनिक को महिला के साथ वर्दी में ही शारीरिक संबंध बनाते दिखाया गया है। सीन में डिटेल में दिखाया गया कि कैसे एक सैनिक की पत्नी घर पर पति के ना होने पर उसके दोस्त को बुला कर सेना की वर्दी में उनके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करती हैं। फिल्म में कई ऐसे आपत्तिजनक सीन हैं जिनसे सीरीज हैं साल 2018 में इस सीरीज की शुरुआत हुई थी जिसके बाद अब तक इसके कई सारे सीजन आ चुके हैं। इस सीरीज में ज्यादातर गांव और छोटे शहरों की कहानी परोसी जाती है। सारे एपिसोड एडल्ट होते हैं और कामुक कहानियों से भरे हुए। जिस ट्रिपल एक्स सीरीज के दूसरे सीजन पर बवाल मचा हुआ है उसका पहला सीजन साल 2018 में आ चुका है। इसका दूसरा सीजन साल 2020 में रिलीज किया गया था। इसमें दिखाए गए हैं। इसके भी दो सीजन आ चुके हैं। कामुक सीन्स से भरी हुई वेब सीरीज देव डीडी लेस्बियन रोमांस पर बनी थी। इसमें दिखाया गया है कि कैसे प्यार में डूबी हुई लड़कियां समाज के सारे बंधनों को तोड़ना चहतीं हैं। ऑल्ट बालाजी के शो पौरुषपुर में शिल्पा शिंदे और अनु कपूर ने बेहद ही बोल्ड सीन दिए हैं। इस सीरीज को देखने के लिए आपके पास एक और कारण है जो हैं मिलिंद सोमन।

# अनु कपूर हुए ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार, 4 लाख 36 हजार रुपये का लगा था चूना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** अनु कपूर ने दरअसल गलती से अपने बैंक की जानकारी और ओटीपी एक व्यक्ति से साझा कर लिया था, जिसने उनके बैंक से 436000 रूपये दो अन्य बैंकों में ट्रांसफर कर दिए थे। अपराधी ने उनसे केवाईसी की डिटेल जानकारी मांगी थी। साथ ही अपराधी ने यह भी कहा था कि वह एक प्राइवेट सेक्टर पुलिस स्टेशन ने इस बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने आगे कहा, 'कुछ समय बाद ठग ने 4.36 लाख रुपये अनु कपूर के अकाउंट से निकालकर दो अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए। हालांकि बैंक ने उनसे तुरंत संपर्क किया और इस ट्रांजैक्शन की जानकारी दी, साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि उनके अकाउंट से छेड़छाड़ की गई





के बैंक में काम करता है। इसके चलते अनु कपूर को 4.36 लाख रुपये का चूना लगा। हालांकि पुलिस के कारण उन्हें 3.8 लाख रुपये वापस मिल गए हैं। अनु कपूर को एक फ्रॉड का बैंक के कर्मचारी के तौर पर गुरुवार को फोन आया। जो उनसे केवाईसी फॉर्म पूरा करवाना चाहता था। इसके बाद अनु कपूर ने अपने बैंक से जुड़ी जानकारी उसे दी और वन टाइम पासवर्ड भी बताया। ओशिवारा है। अनु कपूर ने तुरंत ओशिवारा पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और किस बैंक में पैसे ट्रांसफर हुए है, उसकी जानकारी दी। इसके बाद दोनों अकाउंट सीज कर दिए गए और कपूर को 3.08 लाख रुपये वापस मिल गए। इसके अलावा अब पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत एक केस रजिस्टर किया गया है और उस ऑनलाइन ठग की तलाश की जा रही है।

# इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है अक्षय कुमार की रक्षाबंधन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की फैमिली ड्रामा फिल्म 'रक्षाबंधन' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आनंद एल राय निर्देशित फिल्म में



अक्षय के अलावा भूमि पेडनेकर भी लीड रोल में नजर आईं थीं। बॉक्स ऑफिस पर इसकी सीधी टक्कर आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से थी। इन दोनों ही फिल्मों को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी पर नुकसान 'रक्षाबंधन' को ज्यादा हुआ। अक्षय कुमार के वो फैंस जो किसी भी कारण से उनकी फिल्म 'रक्षाबंधन' को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए थे, उनके लिए अब एक खुशखबरी है। जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 'रक्षाबंधन' की स्ट्रीमिंग शुरू कर दी जाएगी। 11 अगस्त को रिलीज हुई, रक्षाबंधन को दशहरा के उत्सव के मौके पर 5 अक्टूबर को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार, 1 अक्टूबर को अपने ट्विटर हैंडल पर घोषणा की और लिखा, हंसी, खुशी और ढेर सारी मस्ती के लिए हो जाइए तैयार! क्योंकि आ रही है क्षक्षाबंधन केवल पर। बता दें कि इस साल रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्मों में 'रक्षाबंधन' तीसरी फिल्म थी और इसी का हाल सबसे बुरा था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 44.39 करोड़ का बिजनेस किया था। इसने 8.20 करोड़ की ओपनिंग ली थी तब ही साफ हो गया था कि यह आने वाले दिनों में भी कुछ खास करने वाली नहीं है। फिल्म पहले ही हफ्ते में टिकट खिड़की पर दम तोड़ने लगी थी। अक्षय कुमार और भूमि के अलावा, आनंद एल राय निर्देशित इस फिल्म में सादिया खतीब, दीपिका खनन, स्मृति श्रीकांत और सहजमीन कौर अक्षय की चार बहनों की भूमिका निभा रही है। सीमा पाहवा, नीरज सूद, अभिलाष थपलियाल और मनु ऋषि चड्ढा को भी सपोर्टिंग रोल में देखा गया। इस साल अक्षय कुमार की चार फिल्में सम्राट पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षा बंधन और कटपुतली आई है, अक्षय अगली बार एक्शन-एडवेंचर ड्रामा राम सेतु में दिखाई देंगे, जो दिवाली के उत्सव के एक दिन बाद 25 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# ब्रह्मास्त्र 2 में देव के किरदार को लेकर अयान मुखर्जी ने किया खुलासा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** सालों की मेहनत के बाद आखिरकार अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र लोगों को पसंद आ रही है। सोशल मीडिया पर चल रहे बॉयकॉट ट्रेंड के बीच फिल्म रिलीज हुई और लगातार कमाई करती जा रही हैं। फिल्म का पहला पार्ट जितना दर्शकों को पसंद आ रहा है, उतना ही पार्ट 2 के लिए भी अभी से चर्चा शुरू हो गई है। हर किसी को जानने में दिलचस्पी है कि आखिरकार




ब्रह्मास्त्र 2 में कौन देव का किरदार निभाने वाला है, जिसकी पार्ट 1 के अंत में धुंधली-सी झलक दिखाई गई है। फैंस इस लिस्ट में अब तक ऋतिक रोशन, रणवीर सिंह से लेकर शाह रुख खान तक कई सुपरस्टार्स के नाम शुमार कर चुके हैं। देव के किरदार को लेकर फैंस की उत्सुकता के बीच अब अयान मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में देव के कैरेक्टर के बारे में बताया है कि वह पहले पार्ट में ही देव का चेहरा दिखाने वाले थे। अयान मुखर्जी ने ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया उन्होंने साल 2019 में ही देव के कैरेक्टर की गड़ना अपने दिमाग में कर ली थी। उन्होंने कहा,फिल्म के पार्ट को बनाते वक्त एक ऐसा समय आया जब हम देव के विजन के बारे में सोचने लगें। ब्रह्मास्त्र की असली कहानी और जंग पार्ट 2 में खुलकर सामने आएगी। देव की बात करूं तो यह मेरे करियर का सबसे एक्साइटिंग कैरेक्टर होने वाला है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले तीन साल अच्छे होंगे, जहां हम आपके के लिए इसे पूरा कर पाएंगे।बातचीत में अयान ने यह भी बताया कि पहले वह देव का चेहरा दिखाने के साथ फिल्म खत्म करने वाले थे, लेकिन फिल्म के लिए थोड़ा सस्पेंस क्रिएट करने की वजह से उन्होंने बाद में ऐसा नहीं किया। अयान ने कहा, ङ्कईमानदारी से कहूं तो लंबे समय से हम देव के किरदार के चेहरे के खुलासे के साथ ही फिल्म को खत्म करने वाले थे, लेकिन बहुत सोच विचार और दर्शकों के मन में कुछ जिज्ञासा पैदा करने की इच्छा के साथ हमने फिल्म को वहीं खत्म किया जहां यह अभी हुआ है।बता दें कि अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ब्रह्मास्त्र एक फैंटेसी-एडवेंचर फिल्म है। जिसका निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। ये फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अब तक 400 करोड़ के लगभग वर्ल्ड वाइड कलेक्शन कर लिया है। ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन अक्कीनेनी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मलाइका अरोड़ा का दावा, अरबाज खान के साथ तलाक के बाद सुधरे रिश्ते

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि अरबाज खान से तलाक होने के बाद उनके रिश्ते सुधरे हैं। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान 18 वर्ष तक शादीशुदा रहे। इसके में तलाक ले लिया था। अरबाज खान इन दिनों जॉजिन्या एंड्रियानी को डेट कर रहे हैं। दोनों मिलकर अपने बेटे को पाल रहे हैं जो कि 19 वर्ष का है। अब मलाइका अरोड़ा ने कहा कि अरबाज खान से तलाक होने के बाद उनके रिश्ते साथ में अच्छे नहीं होते। यह इस तरह ही चलता है। मैं हमेशा उनके अच्छे की कामना करती हूं।मलाइका अरोड़ा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है मैंने अपना चुनाव किया। मैंने अपने आपको आगे रखा। मुझे लगता है तलाक लेने



बाद दोनों ने अलग होने का निर्णय लिया। दोनों को अरहान खान नाम का एक बेटा भी है। इन दिनों मलाइका अरोड़ा अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। गौरतलब है कि मलाइका अरोड़ा ने जब अरबाज खान से तलाक की घोषणा की थी, तब उनके रिश्ते अरबाज खान से खराब हो गए थे। दोनों ने दिसंबर 1998 में शादी की थी और 2017 में सुधार आया है।जब मलाइका अरोड़ा इस बारे ने पूछा गया कि क्या वे अरबाज खान की अभी भी दोस्त है। इस पर का उन्होंने कहा है, 'अब हमारे रिश्ते सुधरे हैं। अब हम बहुत परिपक्व हो गए हैं। हम खुश हैं। शांत है। वह एक अच्छा व्यक्ति है। मैं उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। कई बार लोग अच्छे होते हैं लेकिन दोनों के बाद आज मैं एक अच्छी महिला बनकर उभरी हूं। मेरा बेटा भी मुझे देखता है कि मैं खुश हूं और मेरे पूर्व पति के साथ मेरे संबंध ज्यादा अच्छे हैं। मुझे लगता है कि मैंने अरबाज से तलाक लेकर अच्छा किया। मैं कई महिलाओं से कहना चाहती हूं कि डरिए मत, अपने दिल की बात मानिए। आप सभी को खुश नहीं रख सकते।

# निरहुआ-आम्रपाली की 'कलाकंद' का फर्स्ट लुक रिलीज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री के जुबली स्टार व सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और सुपरहिट एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे की जोड़ी एक बार फिर से धमाल मचाने के लिए तैयार है। दोनों एक बार फिर से पर्दे अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं संजय पांडे अपने बालों को संभालते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में सुशील सिंह भी काफी कमाल नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही आम्रपाली की प्यारी सी मुस्कान सभी का दिल चुरा रही है। बता दें कि जल्द ही दर्शकों



पर साथ नजर आएंगे। निरहुआ और आम्रपाली अपनी आने वाली फिल्म 'कलाकंद' में एक साथ नजर आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का फर्स्ट लुक हाल ही में आउट कर दिया गया है। फर्स्ट लुक में दोनों काफी कमाल नजर आ रहे हैं। बता दें कि फिल्म के फर्स्ट लुक को निर्माता रतनकर कुमार ने सोशल मीडिया पर जारी किया है। फिल्म के पोस्टर में दिनेश लाल यादव और आम्रपाली दुबे के साथ नीलम गिरी और हरफनमौला कलाकार संजय पांडे भी नजर आ रहे हैं। 'कलाकंद' के फर्स्ट लुक पोस्ट में आप देख सकते है कि निरहुआ सिर पर गमछा बांधे अपने देसी को फिल्म का ट्रेलर देखने को मिलेगा। भोजपुरी फिल्म 'कलाकंद' में जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के साथ नीलम गिरी, सुशील सिंह, संजय पांडे, रीना रानी, संजीव मिश्रा, रचना यादव, अखिलेश शुक्ला, सनी शर्मा, संतोष पहलवान भी साथ नजर आएंगे। मूवी के निर्माता रतनकर कुमार, प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, राइटर एंड डायरेक्टर संतोष मिश्रा, सहायक निदेशक विवेक कुमार मनी, डीओपी माही शेरला, म्यूजिक आर्या शर्मा, सिंगर विजय चौहान, शिल्पी राज, रविकांत कश्यप, शालिनी दुबे, प्रणव सिंह, ने दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।